जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 10 अगस्त, 2024

OSWAL SOAP GROUP • OSWAL SOAP GROUP • OSWAL SOAP GROUP •
SINCE
ओसवाल
1956

हर रिश्ते का रखे ख्याल...

68
वर्षों का विश्वास

सोप एवं टब सोप

पानी हो खारा या दाग दस - बारह
सही चुनना है फ़र्ज़ हमारा
नेचुरल ऑयल से बना और वर्षों से भरोसेमंद

ओसवाल सोप - मैल निकाले बेमिसाल

हमेशा सही चुनें

ओसवाल सोप ग्रुप

हर रिश्ते का रखे ख्याल...

ज़्यादा सफ़ाई | कपड़ों की देखभाल | कम पानी में धुलाई | त्वचा का पूरा ख़्याल | अखाद्य तेल से बना | वर्षों का विश्वास

Oswal
ओसवाल सोप ग्रुप

अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें

विपणन :
उत्तम चन्द देसराज

अब घर बैठे मँगवाये ओसवाल उत्पाद
OswalSoap.com पर जाएं या
स्कैन करें और ओसवाल ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play

नकली माल से सावधान

ओसवाल सोप ग्रुप

6 करोड़ परिवारों का विश्वास

क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला

जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल

OSWAL SOAP GROUP • SINCE ओसवाल 1956

हर रिश्ते का रखे ख्याल...

मूंगफली तेल	कच्ची घानी तेल	रिफाइंड सोयाबीन तेल	रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच	बासमती चावल	ओसवाल चावल	पोहा
चाय पत्ती	डस्ट चाय	देसी खांड	धागा मिश्री	हल्दी पाउडर	मिर्च पाउडर	धनिया पाउडर
जीरा	 साँभर मसाला	 चना मसाला	चाट मसाला	रायता मसाला	गरम मसाला	 पाव भाजी मसाला
सैंधा नमक	काला नमक	मैज स्टार्च पाउडर	मूंग दाल, हरी मूंग दाल, चना दाल, काबुली चना, तूअर दाल, उड़द धुली दाल	अगरबत्ती धूपबत्ती		
ओसवाल सोप	व्हाइट सोप	मल्टीकलर सोप	वॉशिंग पाउडर	डिटर्जेंट पाउडर डिटर्जेंट केक	ग्लिसरिन बाथ सोप	
नहाने का साबुन	डिशवॉश टब डिशवॉश केक	डिशवॉश लिक्विड	डिटर्जेंट लिक्विड	लिक्विड हैंड वॉश	शॉवर जैल	
टॉयलेट क्लीनर	ग्लास क्लीनर	फ्लोर क्लीनर	नेप्थलीन बॉल्स	हैप्पी टच फ्लोर वाइपर	फूल झाड़ू	

ओसवाल रिटेल शॉप्स की जानकारी के लिए स्कैन करें

Oswal ओसवाल सोप ग्रुप

अधिक जानकारी के लिए +91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें

विपणन : उत्तम चन्द देसराज

अब घर बैठे मँगवाएं ओसवाल उत्पाद

OswalSoap.com पर जाएं या स्कैन करें और **ओसवाल एप** डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play

नकली माल से सावधान

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 10 प्रभात जयपुर, शनिवार 10 अगस्त, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Two Luminaries A Gold And A Silver

Nadeem had made a public appeal for a new javelin to aid his training. Neeraj Chopra, a fellow javelin thrower, responded with unwavering support on social media.

Natural Selection

A new finding shows that natural selection could lead to similarities as well as differences

विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति धनखड़ को हटाने की पूरी तैयारी की

सदन में विपक्ष के नेता खड़गे के कक्ष में 50 सांसदों ने उस पत्र पर हस्ताक्षर किये, जिसमें धनखड़ को हटाने का प्रस्ताव लिखा गया है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के क्रोध एवं निराशा का बाँध आज टूट गया तथा विपक्ष सभापति के खिलाफ कार्यवाही पर आमादा हो गया।

अनुच्छेद 67, जिसमें राज्य सभा के सभापति को हटाने की व्यवस्था का उल्लेख है, के अनुसार, विपक्षी दलों के पास सभापति को हटाने के लिये जरूरी 50 प्रतिशत सदस्यों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

ये हस्ताक्षर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में सुरक्षित हैं, लेकिन इससे पहले कि आवश्यक कार्यवाही शुरू होती, सरकार ने दोनों सदनों को अनिश्चितकाल तक के लिये स्थगित करने का कदम उठा लिया। ज्ञातव्य है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद सोमवार, 12 अगस्त तक चलनी थी।

सभापति को हटाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत, राज्यसभा में एक प्रस्ताव पारित कराना होता है। इसके बाद, यह प्रस्ताव लोकसभा में जाता है तथा वहाँ भी इसका पारित होना जरूरी होता है।

- पर, पत्र सदन में पेश होने से पहले सरकार ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के स्थगित करने का निर्णय लेकर स्थगन की कार्यवाही पूरी कर ली, हालांकि, पूर्व लिखित कार्यक्रम के अनुसार, सदन बारह तारीख तक चलना था।
- जैसा कि विदित ही है, राज्यसभा के सभापति को पद से हटाने के लिए आर्टिकल 67 के तहत, 50 राज्यसभा के सांसदों द्वारा प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत करना जरूरी है।
- कांग्रेस की शिकायत है कि जब से लोकसभा चुनाव के बाद, राज्यसभा का सत्र आहूत हुआ है, सभापति धनखड़ का सदन में आचरण बहुत पक्षताप पूर्ण रहा है, विशेषकर सभा में विपक्ष के नेता खड़गे के प्रति आपत्तिजनक रहा है।
- शुक्रवार को धनखड़ को अपदस्थ करने की कार्यवाही, धनखड़ द्वारा, चार बार सांसद रहीं जया बच्चन के प्रति भी आपत्तिजनक बर्ताव से शुरु हुई।
- धनखड़ ने जया बच्चन को बोलने नहीं दिया व उनका माइक साइलैंट कर दिया।
- सोनिया गांधी के नेतृत्व में विपक्ष के सांसदों ने वॉकआउट किया व फिर खड़गे के दफ्तर में इकट्ठे होकर धनखड़ को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर शुरु हुए।

धनखड़ भारत के उपराष्ट्रपति भी है, तथा भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, उनकी आकांक्षा भारत का राष्ट्रपति बनने की है। यही कारण है कि वे विपक्ष के खिलाफ जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे तथा सरकार के प्रति वे पक्षपात में बहुत ज्यादा आगे भी दिखाई देते हैं।

यह स्पष्ट नहीं है कि विपक्ष धनखड़ के खिलाफ कार्यवाही करेगा या नहीं, या वह धनखड़ पर केवल दबाव बना रहा है ताकि वे निष्पक्षता का व्यवहार करने लगें।

एक कांग्रेस सांसद ने कहा कि विपक्ष सभापति से तभी से नाराज है, जब आम चुनाव के बाद संसद बुलाई गई थी। उस समय सभापति ने विपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी थी तथा विपक्ष के नेता खड़गे के प्रति धनखड़ का व्यवहार अवांक्षनीय रहा है।

आज भी धनखड़ का व्यवहार पहले जैसा ही थी, जब धनखड़ और जया बच्चन के बीच बहस हुई तथा जैसा कि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अमन सहरावत ने भारत को दिलाया ब्रॉन्ज़ मैडल

पेरिस, 9 अगस्त। भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल मुकाबले में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज को 13-5 से हराकर देश के लिए पांचवां और कुश्ती का पहला कांस्य पदक जीता है। इसी के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या छह हो गई हैं।

- भारतीय रैसलर अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक में 57 किलोग्राम वर्ग में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज को 13-5 से हराकर भारत को छठा पदक दिलाया है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

शेख हसीना, वापस बांग्लादेश लौटने की तैयारी में हैं?

उनके पुत्र साजिद ने लंदन से इस बात की पुष्टि की कि शेख हसीना बांग्लादेश पहुंचकर आम चुनाव में भाग लेंगी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। बांग्लादेश से अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का ब्रिटेन में शरण लेने के बजाए अपने देश लौटना तय है। उनके पुत्र माजिद ने पुष्टि की कि वे अपने देश में चुनाव लड़ेंगी।

शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश आवामी लीग, जो कि उनके देश छोड़ने के बाद से हमलों का शिकार हो रही थी, अब उत्साहित है। देश के कुछ इलाकों में लोग एकत्रित हो रहे हैं और शेख हसीना की वापसी की मांग कर रहे हैं।

हसीना के हैलीकाप्टर ने जबसे दिल्ली के निकट हिण्डौन एयर बेस पर लैण्ड किया है, भारत ने उनके पते ठिकाने को लेकर चुप्पी साध रखी है। किसी को नहीं पता कि वह फिलहाल कहां हैं और उन्हें किस प्रकार से सिक्योरिटी कवर उपलब्ध करवाया जा रहा है। यदि वह बांग्लादेश लौटने का निर्णय भी करती हैं तो उन्हें एक फूल-प्रूफ सिक्योरिटी कवर उपलब्ध करवाया जाएगा।

स्मरण रहे कि पूर्ववर्ती पूर्वी पाकिस्तान को पाकिस्तान सेना से सफलतापूर्वक मुक्त करवाने के बाद भारतीय सेना ने बांग्लादेश छोड़ने से पहले उसके संस्थापक शेख मुजबुर्रमान को सुरक्षा संबंधी चेतावनी दी थी तब उन्होंने सुरक्षा कवर लेने से इनकार कर दिया था और उस इनकार का परिणाम सभी को मालुम है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- शेख हसीना की राजनीतिक पार्टी बांग्लादेश अवामी पार्टी, बहुत पुरानी पार्टी है तथा उसके ''स्लीपर सैल'' जो देशभर में फैले हुए हैं, अब पुनः इकट्ठे हो रहे हैं, संगठित हो रहे हैं तथा मांग कर रहे हैं कि शेख हसीना वापस लौटें।
- भारत की दृष्टि से स्थिति काफी नाज़ुक है। बांग्लादेश के संस्थापक, शेख मुजीबुर रहमान को भारत ने आगाह किया था, उनकी सुरक्षा के बारे में, विशेषकर तब, जब भारतीय सेना, बांग्लादेश को आज़ाद करने के अपने प्रोजैक्ट के पूर्ण हो जाने के बाद, अपने देश लौट जायेगी।
- बंग बंधू ने इस सलाह को गंभीरता से नहीं लिया था तथा उसका नतीजा सबके सामने है।
- सुरक्षा की दृष्टि से शेख हसीना की स्थिति भी ऐसी ही है जैसी उनके पिता की थी। अतः उन्हें भी काफी मजबूत सुरक्षा की आवश्यकता होगी, उनके बांग्लादेश पहुंचने के बाद और बांग्लादेश की सेना सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करेगी, यह संदेहाप्रद लगता है। अतः यह जिम्मेवारी भी हिन्दुस्तान पर ही आयेगी और जाने-अनजाने, चाहे अनचाहे रूप में भारत को बांग्लादेश के आंतरिक मामले में उलझने की संभावना बन रही है।

क्या दक्षिण भारत में नए राजनैतिक समीकरण बन रहे हैं?

आंध्र के सत्तारूढ़ नेताओं की तेलंगाना व कर्नाटक की कांग्रेस सरकारों के साथ मीटिंग्स के आखिर क्या मायने हैं

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। दक्षिण भारत में देश की राष्ट्रीय पार्टियों की क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों के साथ दिलचस्प मीटिंग्स होने जा रही हैं। इन मीटिंग्स से राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय दल भविष्य में पुनः संगठित हो सकते हैं। इससे केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व वाले एन.डी.ए. के दिल की धड़कनें बढ़ना तय है।

आंध्रप्रदेश के नए मुख्यमंत्री नारा चन्द्रबाबू नायडू के अनुरोधों को केन्द्र सरकार आदेश के रूप में लेती है, चाहे वह आंध्र प्रदेश के लिए बजट आवंटन हो या विवादस्पद वक़्फ़ बोर्ड (संशोधन) विधेयक को जॉइन्ट पार्लियामैन्टरी कमेटी (जे.पी.सी.) के पास भेजना हो। नायडू ने कुछ हफ्ते पूर्व ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री से दोनों तेलुगू भाषी राज्यों के कुछ पुराने मसले हल करने को लेकर बात की।

यह आंध्रप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं फिल्म स्टार से राजनेता बने पवन कल्याण के कर्नाटक दौरे के समान है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में है। पवन कल्याण ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री तथा कुछ प्रमुख मंत्रियों के साथ कई मीटिंग्स की थीं, जिन पर किसी का ध्यान नहीं गया था।

चूंकि, एन.डी.ए. सरकार तेलुगू देशम पार्टी (टी.डी.पी.) और उसके 16 सांसदों के समर्थन पर निर्भर है, इसलिए पुराने दोस्तों एवं सहयोगियों के बीच की ये मीटिंग्स निश्चित रूप से दिल्ली में चिन्ता का स्तर बढ़ा सकती हैं।

विदित है कि पवन कल्याण को

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- सरकारी मीटिंग्स के तौर पर देखी जा रही इन मेल मुलाकातों के संभावित राजनैतिक प्रभाव को लेकर केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा की बेचैनी बढ़ती हुई सी लग रही है, क्योंकि केन्द्र में भाजपा सरकार तेलुगु देशम के समर्थन पर निर्भर है।
- आंध्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद खुद चंद्रबाबू ने तेलंगाना जाकर वहां के मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी से मुलाकात की थी। दोनों तेलुगू भाषी नेताओं के बीच लम्बी चर्चा हुई थी।
- हाल ही में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और लोकप्रिय स्टार पवन कल्याण कर्नाटक गए तथा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व अन्य मंत्रियों से मिले और यह मुलाकात भी राजनैतिक हल्कों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

'क्या आप लड़कियों को तिलक या बिंदी लगाने से भी रोकेंगे'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। मुस्लिम छात्राओं के हिजाब व बुर्का पहनने पर रोक लगाने वाले मुम्बई के एक कॉलेज पर कठोर टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने पूछा कि महिलाएं क्या पहने, क्या नहीं, यह बताकर वे उनका सशक्तिकरण कैसे करेंगे?

- सुप्रीम कोर्ट ने हिजाब पर प्रतिबंध लगाने वाले एन.जी. आचार्य एण्ड डी.के. मराठे कॉलेज से सवाल पूछा।

कोर्ट ने कहा, दुर्भाग्य की बात है कि आज़ादी के इतने साल बाद भी ऐसे प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं।

मुम्बई के पेम्बूर के एन.जी. आचार्य एवं डी.के. मराठे कॉलेज द्वारा छात्राओं के बुर्का, हिजाब, नकाब, केप, स्टोल आदि पहनने पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ व छात्राओं द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना और पी.वी. संजय कुमार की बैंच ने आदेश पर आंशिक रोक लगा दी।

''पीठ ने कहा कि इन सबकी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

क्या इंदिरा जी ने गलती करी थी, बांग्लादेश को पाकिस्तान से आज़ाद करा के?

बांग्लादेश में हिन्दू परिवारों, मंदिरों व प्रतिष्ठानों पर एक बार फिर व्यापक हिंसात्मक हमलों के बाद बहस शुरु हुई, इंदिरा जी की भूमिका के बारे में

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। पड़ोसी देश बाँग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रही हिंसा की खबरों के बीच, सोशल मीडिया में एक ऐतिहासिक प्रश्न पर बहस चल रही है। क्या इंदिरा गान्धी ने पूर्वी पाकिस्तान पर जबरदस्ती बाँग्लादेश थोपकर गलती की थी ?

ढ़ाका से प्राप्त रिपोर्ट बता रही हैं कि बाँग्लादेश में हिन्दुओं पर हिंसा हो रही है, जो बाँग्लादेश की 170 मिलियन आबादी का 8 प्रतिशत हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि आन्दोलनकारी युवाओं के बहुत बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आने के बाद, जब शेख हसीना देश छोड़कर भाग गई थीं, उसके बाद के इस एक सप्ताह में हिन्दुओं के घरों और मन्दिरों को निशाना बनाया जा रहा है। 'बाँग्लादेश में हिन्दुओं को आमतौर से शेख हसीना की 'अवामी लीग पार्टी' का समर्थक माना जाता है। बाँग्लादेश हिन्दू, बुद्धिस्ट, क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल' का अनुमान है कि 5 अगस्त के बाद से, देश के 64 में से 52 जिले साम्प्रदायिक हिंसा से प्रभावित हैं।

जहाँ बाँग्लादेश के निर्माण में इंदिरा गांधी की भूमिका की करोड़ों लोग आम तौर से प्रशंसा ही करते हैं, लेकिन देश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा के इस नये दौर ने इन्टरनेट यूजर्स के कुछ वर्गों को अलग ही कहानी गढ़ने के लिये उकसाया है। उनका कहना है कि इंदिरा गांधी ने भारत, और खासतौर से हिन्दुओं का भारी नुकसान किया था, क्योंकि बाँग्लादेश के निर्माण में उनकी भूमिका के कारण हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ गई थी। मधु पूर्णिमा किश्वर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, ''हिन्दुओं की नृशंस हत्याएं, जबरन धर्मान्तरण तथा हिन्दु महिलाओं के अपहरण इस बात का पर्याप्त प्रमाण हैं कि पूर्वी बंगाल में रहने वाले मुस्लिमों का मूल बंगालियों के साथ कोई जुड़ाव नहीं है। एक अन्य सोशल मीडिया यूज़र ने इस बात का प्रतिकार करते हुये कहा कि अगर इंदिरा गांधी ने दखलंदाजी नहीं की होती और 1971 में पाकिस्तान को नहीं हराया होता, तो पूर्वी पाकिस्तान में हिन्दू और बहुत बड़ी संख्या में कत्ल कर दिये होते।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- इस ट्विटर युद्ध में यह तर्क दिया जा रहा है कि अवामी लीग पार्टी के नेता शेख मुजीबुर रहमान द्वारा पाकिस्तान से आज़ाद होने के सामरिक प्रयास में भारत की भूमिका सर्वज्ञात है और इस कारण बांग्लादेश के ''फण्डामैंटलिस्ट'' (रूढ़ीवादी ताकतों) की भारत के प्रति दुर्भावना और तेज हो गयी।
- इसका नवीन सबूत है, पांच अगस्त से बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ शुरु हुआ हिंसक घटनाओं का दौर।
- सोशल मीडिया पर भारी चर्चा चल रही है कि अगर बांग्लादेश को आज़ाद नहीं कराया गया होता तो हिन्दुओं के प्रति इतनी घृणा व वैमनस्य का माहौल नहीं होता।
- बांग्लादेश में आठ प्रतिशत हिन्दू हैं तथा बांग्लादेश के 64 में से 52 जिलों में भारी साम्प्रदायिक दंगे हुए हैं, जिसका मुख्य टारगेट हिन्दू हैं।

'बेल मिलना अधिकार और जेल देना अपवाद है'

सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को जमानत देते हुए केन्द्रीय जांच एजेंसियों व निचली अदालतों पर कड़ी टिप्पणियां कीं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने आज शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को दिल्ली की आबकारी नीति के घोटाले में भ्रष्टाचार और मनी लॉंडरिंग के केस में जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने केस का ट्रायल पूरा होने में इतना लम्बा समय लगने पर हैरानी जताई और यह भी कहा कि त्वरित सुनवाई किसी भी आरोपी का मूल अधिकार है।

सी.बी.आई. द्वारा गिरफ्तारी के 18 माह बाद दिल्ली में पूर्व उपमुख्यमंत्री को जमानत मिली है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने सख्त फैसले में कहा कि वे त्वरित सुनवाई के हकदार हैं और इससे इन्कार उन्हें वापस ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट भेजना उन्हें सांप-सीढ़ी के खेल में डालने जैसा होगा।

कोर्ट ने कहा, जीवन और आज़ादी का अधिकार, जो संविधान में संरक्षित है, के लिए किसी भी नागरिक को यहां वहां भटकने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

सिसोदिया को सी.बी.आई. ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था और इसके दो सप्ताह के भीतर ही उन्हें ई.डी. ने गिरफ्तार कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दोनों मामलों में जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि किसी को अभियोजन कार्य खत्म होने का कोई समय नहीं है इसलिए किसी को अनिश्चित समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता है।

जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के.वी. विश्वनाथ की बैंच ने कहा कि बिना किसी ट्रायल के सिसोदिया को जेल में रखना उनके मूल अधिकारों का हनन है।

जस्टिस गवई ने कहा कि 18 माह की हिरासत और ट्रायल अभी शुरु भी नहीं हुआ है आप उन्हें त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। याचिकाकर्ता की विरासत और ट्रायल अभी शुरू भी नहीं हुआ है आप उन्हें त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। याचिकाकर्ता की समाज में प्रतिष्ठा है उसके भाग जाने की आशंका नहीं है। फिर भी शर्तें लगाई जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ''ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट को इस बात पर ध्यान देना चाहिए था। अदालते भूल गई हैं कि सजा के तौर पर जमानत नहीं रोकी जा सकती है। जमानत नियम है जेल अपवाद है।''

कोर्ट ने कहा कि आज़ादी का अधिकार बेहद पवित्र है। कोर्ट ने निचली अदालत का यह तर्क ठुकरा दिया कि सिसोदिया ने ही ट्रायल में देरी की है इसलिए इन्हें रिहा नहीं किया जाना चाहिए।

सिसोदिया की रिहाई पर आम आदमी पाटी ने कहा सत्य की जीत हुई है।

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने एक्स पर लिखा कि आज सारा देश खुश है मनीष सिसोदिया दिल्ली में शिक्षा क्रांति के नायक है।

संजय सिंह, जो इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत ले चुके हैं, ने कहा कि, ''यह फैसला केन्द्र की तानाशाही के मुंह पर तमाचा है। इनके जीवन के 17 महीनों को खराब किया गया है। इन दिनों में बच्चों की शिक्षा के लिए बहुत कुछ कर सकते थे।''

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सिसोदिया की रिहाई को सत्य की जीत बताया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि सिसोदिया की रिहाई जल्दी हो जानी चाहिए थी।

सिसोदिया की जमानत के आदेश के साथ कोर्ट ने कई गंभीर टिप्पणियां की, जस्टिस गवई ने कहा, इस केस में 493 गवाह हैं इसलिए मनीष सिसोदिया का ट्रायल खत्म होने की निकट भविष्य में कोई संभावना नहीं है।

सुनावई के दौरान कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू, जो एजेंसियों की तरफ से जिद कर रहे थे, से पूछा सच बताइए आपको इस सुरंग का अंत कहा दिखाई देता है। राजू ने कहा, 25 मार्च तय होने के एक माह के भीतर।

राजू ने पूर्व में कहा था कि, देरी इसलिए हुई है कि सिसोदिया व अन्य ने सबूत चैक करने के लिए कई आवेदन दिए हैं इसलिए ट्रायल में देरी हुई है।

सिसोदिया के दस्तावेजों में छेड़छाड़ के आरोप पर कोर्ट ने कहा कि अधिकांश प्रमाण अधिसूचित हैं और ये

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत के लिए आरोपी को पुनः निचली अदालतों में भेजना उसे सांप-सीढ़ी के खेल में डालना होगा। आज़ादी हरेक का अधिकार है और संविधान में संरक्षित है, इसके लिए आप उसे यहां-वहां भटकने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं।
- जस्टिस गवई ने कहा, 8 महीने से बिना ट्रायल के सिसोदिया को जेल में रखना उनके मूल अधिकारों का हनन है।
- सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों पर नाराज़गी दर्शाई और कहा, सजा के रूप में जमानत देने से इन्कार नहीं किया जा सकता। अदालतें भूल गई हैं कि जमानत को रोका नहीं जा सकता है।
- ज्ञातव्य है कि सी.बी.आई. ने 26 फरवरी 2023 को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था उसके कुछ दिन बाद ही उन्हें ई.डी. के सुपुर्द कर दिया गया था तब से वे जेल में ही हैं। कोर्ट ने हैरानी से पूछा कि इस केस में ट्रायल पूरा होने में आखिर कितना समय लगेगा।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, 20 साल की सजा

जयपुर, 9 अगस्त (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियुक्त रिश्ते में पीड़िता की मौसी के देवर का बेटा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ कई बार संबंध बनाए। यदि इसमें पीड़िता की सहमति भी थी तो भी यह अपराध की श्रेणी में ही आएगा,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने आरोपी पर 55 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि नाबालिग की सहमति का कोई महत्व ही नहीं है।

विचार बिन्दु

मुस्कान थके हुए के लिए विश्राम है, उदास के लिए दिन का प्रकाश है तथा कष्ट के लिए प्रकृति का सर्वोत्तम उपहार है। –अज्ञात

खुशियों और खतरों का मौसम है मानसून

तन - मन को झुलसाते गर्मी के रौद्र रूप से निजात दिलाने बारिश का मौसम अपने साथ राहत और सुकून लाता है। मगर बारिश की राहत के साथ गरजी और कड़की आकाशीय बिजली और बादल फटने की घटनाओं ने देश में कोहराम मचा दिया है। मौसम विभाग के पूर्व अनुमानों को धत्ता बताते हुए देश में विशेषकर उत्तर भारत में भीषण गर्मी से तप रहे लोगों को मानसून की बारिश ने जहाँ राहत पहुंचाई वहां आकाशीय बिजली मौत बनकर टूटी। मानसून अपने साथ जहां खुशियों की सौगात लेकर आते है वहीं मानसून के खतरे भी कम नहीं है जिससे हर साल सैंकड़ों लोग अकाल काल कलवित हो जाते है। अतिवृष्टि, बाढ़, आकाशीय बिजली और बादल फटने की घटना आम बात हो गई है। मॉनसून आने के साथ ही आए दिन बादल फटने और बिजली गिरने से लोगों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दुनिया में हर साल बिजली गिरने की करीब 2 लाख 40 हज़ार घटनाएं दर्ज होती हैं। इन घटनाओं में कितनी जानें जाती हैं, इसे लेकर कई तरह के अध्ययन अलग आंकड़े बताते हैं। एक स्टडी की मानें तो दुनिया में 6 हज़ार लोग हर साल बिजली गिरने से मारे जाते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की मानें तो सिर्फ भारत में हर साल 2500 लोग बिजली गिरने से मारे जाते हैं। ब्यूरो के अनुसार, 2000 से 2014 तक भारत में बिजली गिरने से 32,743 लोगों की मौत हुई। एक गैर सरकारी अध्ययन के मुताबिक देश में हर साल 2,500 लोग इन घटनाओं के कारण मौत के शिकार हो जाते हैं। भारत में आकाशीय बिजली की वजह से हर साल होने वाली मौत के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत में आकाशीय बिजली गिरने से हर साल करीब 2500 से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। देश में आकाशीय बिजली गिरने की करीब 96 प्रतिशत घटनाएं ठामीण इलाकों में होती हैं।

इस आलेख में हम बिजली गिरने और बादल फटने की जानकारी आम पाठकों तक पहुँचाना चाहते है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश के साथ तेज चमकती रोशनी और उसके बाद कड़कड़ाती आवाज सुनाई देती है।

आसमान में चमकी यह बिजली तेजी से पृथ्वी पर गिर कर इंसानों की मौत का कारण भी बनती है। आकाशीय बिजली एक शक्तिशाली करंट है। इसके गिरने के समय लोगों को खुद को बचाने का क्षण भर का समय भी नहीं मिल पाता । मौसम विभाग के अनुसार, बिजली का गिरना या आघात एक बड़ा विद्युतीय प्रवाह है जो तूफान के दौरान हवा की गति के बढ़ने और कम होने के कारण उत्पन्न होता है। इस दौरान, पृथ्वी की बाहरी परत पर सकारात्मक चार्ज होता है क्योंकि विपरीत चार्ज आकर्षित करता है, आंधी के बादलों में मौजूद नकारात्मक चार्ज पृथ्वी की बाहरी परत पर मौजूद सकारात्मक चार्ज से जुड़ना चाहता है। इसी भांति देश के कई राज्यों में इस समय बादल फटने की घटनाओं के कारण तबाही मची हुई है। देश के दक्षिण से उत्तर तक तीन राज्यों में तीन दिन के अंदर बादल फटने की 6 घटनाएं हुई हैं। केरल के वायनाड से लेकर उत्तराखंड के केदारनाथ और हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, शिमला और मंडी जिलों में इसके चलते तबाही जैसे हालात बने हुए हैं। वायनाड में जहां सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं केदारनाथ में सैकड़ों जान जल सैलाब के बीच फंसी हुई हैं।

मॉनसून आने के साथ ही आए दिन बादल फटने और बिजली गिरने से लोगों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दुनिया में हर साल बिजली गिरने की करीब 2 लाख 40 हज़ार घटनाएं दर्ज होती हैं। इन घटनाओं में कितनी जानें जाती हैं, इसे लेकर कई तरह के अध्ययन अलग आंकड़े बताते हैं।

हिमाचल के तीनों जिलों में भारी तबाही के साथ ही 50 से ज्यादा लोग लापता हैं । इन सब घटनाओं के बारे में जानकर आपके मन में भी आ रहा होगा कि आखिर बादल फटना क्या होता है? यह घटना कब और कैसे होती है? बादल फटने का कारण क्या होता है और ये घटनाएं मानसून सीजन में ही क्यों ज्यादा देखने को मिलती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बिजली का गिरना या आघात एक बड़ा विद्युतीय प्रवाह है जो तूफान के दौरान हवा की गति के बढ़ने और कम होने के कारण उत्पन्न होता है। इस दौरान, पृथ्वी की बाहरी परत पर सकारात्मक चार्ज होता है क्योंकि विपरीत चार्ज आकर्षित करता है, आंधी के बादलों में मौजूद नकारात्मक चार्ज पृथ्वी की बाहरी परत पर मौजूद सकारात्मक चार्ज से जुड़ना चाहता है। बादल फटने का अर्थ अचानक ही आए तूफ़ान और भीषण गर्जना के साथ तीव्र गति से होने वाली वर्षा से हैं। जब वातावरण में अधिक नमी होती है और हवा का रुख़ कुछ ऐसा होता है कि बादल दबाव से ऊपर की ओर उठते हैं और पहाड़ से टकराते हैं।

इस स्थिति में तब पानी एक साथ बरसता है। इन बादलों को 'क्यूमुलोनिवस' कहा जाता है। मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा पहाड़ी क्षेत्रों में बादल अधिक फ़टते हैं। सर्द-गर्म हवाओं के विपरीत दिशा में टकराना भी बादल फटने का मुख्य कारण माना जाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस प्रक्रिया में पानी असमान्य तेज़ी से गिरता है, जिसे ज़मीन सोख नहीं पाती। वर्षा की गति बहुत तेज होती है, जो भूमि को नम नहीं बनाती, बल्कि मिट्टी को बहा देती है। वर्षा की तीव्रता इतनी अधिक होती है कि वह दो फुट के नाले को पानी के 50 फुट के नाले में तब्दील कर देती है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश के साथ तेज चमकती रोशनी और उसके बाद कड़कड़ाती आवाज सुनाई देती है। आसमान में चमकी यह बिजली तेजी से पृथ्वी पर गिर कर इंसानों की मौत का कारण भी बनती है। यह भी बताया जाता है तेज़ गर्मी और नमी के मिलन से बिजली वाले विशेष तरह के बादल गरज़ने के साथ तूफान का रूप ले लेते हैं। इस प्रक्रिया को थंडर स्टॉर्म कहा जाता हैं। थंडर स्टॉर्म मूल रूप से एक उठा मौसम की स्थिति है, जो बिजली के साथ आती है और एक प्रकार की तेज ध्वनि भी होती है जिसको गड़गड़ाहट के रूप में जाना जाता है। थंडरस्टॉर्म के दौरान, उत्पन्न ध्वनि या गड़गड़ाहट सुनने से पहले हम बिजली को देखते हैं क्योंकि प्रकाश ध्वनि की तुलना में तेजी से गति करता है। बादल के अंदर गर्म और नम हवा ऊपर की ओर बढ़ती है और ठंडा होकर क्यूम्यलोनिम्बस बादल बनाती है जो आंधी या थंडरस्टॉर्म का कारण बनता है। आठ-दस किलोमीटर ऊंचे ऐसे बादलों के लोअर में निगेटिव और अपर में पॉजिटिव चार्ज ज्यादा होता है। दोनों के बीच डिफरेंस कम होने पर तेजी से होने वाला डिस्चार्ज बिजली के रूप में सामने आता है। आमतौर पर एक थंडर स्टॉर्म लगभग तीस मिनट तक रहता है और इसका व्यास 15 मील तक हो सकता है। हर थंडर स्टॉर्म में आकाशीय बिजली होती है। एक्सपर्ट के अनुसार आकाशीय बिजली का तापमान सूर्य के ऊपरी सतह से भी ज्यादा होता है। इसकी क्षमता 300 किलोवॉट अर्थात 12.5 करोड़ वॉट से ज्यादा चार्ज की होती है।

मानसून में बिजली कड़कना या गिरना आम बात है। इससे बचने के लिए स्वयं की सावधानी ही जान बचा सकती है। इस दौरान लोगों को घरों पर रहना चाहिए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कहना है कि आकाशीय बिजली से थोडी समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से बचा जा सकता है। जब बिजली तेज कड़क रही हो तो पेड़ों के नीचे नहीं खड़ा होना चाहिए। बिजली के खंभे और टावर के आसपास नहीं खड़ा होना चाहिए। अगर आप खेत में है तो कोशिश करें कि सूखे स्थान पर चले जाएं। उकड़ू बैठकर दोनों घुटनों को जोड़कर सिर झुकाकर बैठना चाहिए। लोहे समेत धातु से बने सामान साइकिल आदि से दूर रहना चाहिए।

–अतिथि संपादक,
बाल मुकुन्द ओझा
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

अल्जाइमर रोग : रोकथाम ही इलाज़ है

डॉ. रामावतार शर्मा

आधुनिक चिकित्सा शास्त्र एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। घरेलू उपचारों से होते हुए फिर वनौषधियों के माध्यम से गुजरता हुआ यह फैक्ट्रियों में निर्मित दवाओं तक आ पहुंचा है।

बीमारियों को हम दो स्पष्ट श्रेणियों में रख सकते हैं। एक तो वे बीमारियां जो त्वरित गति से विकसित होती हैं यानी एक्यूट इलनेस। इनमें संक्रामक रोग, दुर्घटनाएं, चाकू या गोली की मार जैसे रोग या हादसे शामिल हैं। आधुनिक चिकित्सा प्रणाली ने इन सब के उपचार में बहुत बड़ी सफलताएं प्राप्त की हैं जहां दवाओं या शल्य क्रिया द्वारा असंख्य लोगों का जीवन बचाया जा रहा है। इसके विपरीत जो रोग दीर्घकालिक यानि क्रॉनिक होते हैं उनके पूर्ण उपचार के सारे प्रयास अरबों रुपए के अनुसंधानों के बावजूद भी असफल से ही रहे हैं। यहां या तो रोग को जीवनपर्यंत दवा लेकर नियंत्रण में रखा जा सकता है या फिर कैंसर जैसे रोगों में कुछ अपवादों को छोड कर चंद वर्षों या महीनों का जीवन मिल पाता है। दीर्घकालिक रोगों पर हमारी सफलता अभी तक तो असफलता की ही यात्रा है। इन रोगों में कैंसर, आर्थराइटिस, हृदय एवम् अन्य रक्तप्रवाह संबंधी रोग, मस्तिष्क संबंधी रोग और डायबिटीज जैसे मेटाबॉलिक रोग शामिल हैं।

असफलता की इस कड़ी में एक और नाम अल्जाइमर रोग का आता है। 1906 में एक महिला की विशेष परिस्थियों में मृत्यु हुई जहां वह पूर्णतया भुलक्कड़ हो गई थी, उसकी याददाश्त गायब हो चली थी, भाषा पर उसका नियंत्रण खो गया था तथा वह अजीबोगरीब व्यवहार करने लगी थी। डॉक्टर एलाइज अल्जाइमर ने उसके मस्तिष्क का सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोपिक) अध्ययन कर कई परिवर्तनों का पता किया और उनके इस प्रयास के कारण इस रोग का नाम अल्जाइमर्स रोग रखा गया। आज इस घटना के 118 वर्षों बाद भी अल्जाइमर एक असाध्य रोग बना हुआ है हालांकि कुछ दवाएं विकसित की गई हैं परंतु अंतिम परिणाम निराशाजनक ही है। पीड़ित व्यक्ति को मामूली और महंगी राहत के अलावा चिकित्सा पद्धतियों में अभी तक कोई महत्वपूर्ण सफलता हासिल नहीं हुई है। हां, सोशल मीडिया पर आधारहीन वीडियोज प्रसारित कर चालाक लोगों द्वारा बीमार लोगों का आर्थिक दोहन जरूर होने लगा है।

सामान्यतया यह रोग 65 वर्ष की उम्र के बाद देखा जाता है परंतु अब यह रोग 60 वर्ष से कम उम्र में भी पाया जाने लगा है और अंदाजा लगाया जा रहा है कि 2050 तक कम उम्र के अल्जाइमर रोगियों की संख्या तीन गुना से भी अधिक हो सकती है जो कि एक बड़ी संख्या है।

शिक्षा की कमी, विटामिन डी का अभाव, शराब का अनियंत्रित सेवन, रक्त सीआरपी स्तर का ऊंचा बने रहना, डिप्रेशन, लकवे की घटनाएं, अनियंत्रित डायबिटीज और उच्च रक्तचाप आदि कई कारण है जो वैश्विक स्तर पर इस रोग का प्रसार कर सकते हैं। अल्जाइमर का इलाज चिकित्सकों के पास नहीं है परंतु इसकी रोकथाम आपके पास है।

परिस्थियों और आनुवंशिकता को आप भाग्य नहीं मान सकते है क्योंकि इनको काफी हद तक बदलने की क्षमता आप में होती है। ऐसा करना कठिन है पर यह संभव हो सकता है। इसके लिए आपको अपने जीवन की बागडोर संभालनी होगी। प्रत्येक दिन आपको उन छोटे-छोटे अवसरों को पहचानना होगा जो जीवन में उत्साह एवम् उमंग पैदा करते हों फिर चाहे वे अल्पावधि के लिए ही क्यों न हों।

हमारे मस्तिष्क को हम या तो उपयोग में ला सकते हैं या फिर इसको खोने लगते हैं। लूडो, कैरम, शतरंज जैसे खेल, बागवानी, पौधारोपण व संरक्षण, गीत तथा संगीत या नृत्य, चित्रकारी, साहित्य या संवाद या फिर कोई समाजोपयोगी कार्य आदि आपको डिमेंशिया (मनोभ्रंश) से बचा सकते हैं। अपने जीवन में गुणवत्ता (क्वालिटी) लाइए। अपने जीवन की नाव के स्वयं ही कप्तान बनिए। अल्जाइमर जैसे जीवन नाशक रोग को रोका जा सकता है। इसे रोका ही जाना चाहिए क्योंकि रोकथाम ही इसका सर्वोत्तम इलाज है।

–डॉ. रामावतार शर्मा,
(चिकित्सक एवं लेखक)

मकराना-फुलेरा के बीच इलेक्ट्रिक लोको दौड़ाकर सफल रन ट्रायल किया

जोधपुर से जयपुर के बीच जल्द दौड़ेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन, राइकाबाग से फुलेरा के बीच रेल विद्युतीकरण का कार्य पूरा

जोधपुर, (कासं)। राइकाबाग से फुलेरा रेलवे स्टेशनों के बीच रेल विद्युतीकरण का कार्य पूरा होने के साथ ही जोधपुर की राजधानी दिल्ली से इलेक्ट्रिक ट्रेन से सीधी कनेक्टिविटी हो गई है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में डेगाना-फुलेरा रेल खंड के मकराना से फुलेरा रेलवे स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रिक लोको 110 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से दौड़ाकर सफल रन ट्रायल लिया गया। अब जल्द ही जोधपुर से जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक ट्रेन का संचालन हो प्रारंभ हो सकेगा।

जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मकराना से फुलेरा रेलवे स्टेशनों के बीच 64 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर विद्युतीकरण के साथ ही जोधपुर मंडल पर कुल 1626 किमी रुट में से 1568 किमी रेल मार्ग पर विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो गया है। अब राइकाबाग-जैसलमेर रेल मार्ग पर थैयात हमीरा से सानू रेलवे स्टेशनों

■ अब राइकाबाग-जैसलमेर रेल मार्ग पर थैयात हमीरा से सानू रेलवे स्टेशनों के बीच सिर्फ 58 किलोमीटर लाइन का विद्युतीकरण कार्य शेष है

के बीच सिर्फ 58 किलोमीटर लाइन का विद्युतीकरण कार्य शेष है जिसे शीघ्र पूरा करवा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जोधपुर से बीकानेर और मारवाड़ जंक्शन स्टेशनों के मध्य पहले से ही इलेक्ट्रिक लोको से ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया जा चुका है।

डीआरएम ने बताया कि राइकाबाग से फुलेरा रेलवे स्टेशनों के बीच 250 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर चरणबद्ध तरीके से रेल विद्युतीकरण का कार्य करवाया गया। जिसके तहत मकराना-मेड़ता ,मेड़ता रोड-पीपाड़ जंक्शन, पीपाड़ जंक्शन से राइकाबाग और अब मकराना से फुलेरा के मध्य विद्युतीकरण का कार्य अप व डाउन दोनों लाइनों पर करवाया गया। इस दौरान प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर मनीष कुमार गुप्ता के साथ निरीक्षण दौरे में मुख्य बिजली इंजीनियर (वितरण) जगदीश चौधरी, मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण) विश्वेश्वर दयाल, उप मुख्य इंजीनियर अजय इसरानी, मुख्य महाप्रबंधक (इरकॉन) विमल किशोर नागर, महाप्रबंधक सीपी अरोड़ा सहित अनेक अधिकारी, निरीक्षक व कर्मचारी थे।

तेज बरसात से पावटा की खार नदी में सालों बाद आया पानी

पावटा, (निसं)। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से चारों तरफ पानी ही पानी हो गया है। मूसलाधार बारिश के बाद पिछले 10-12 साल से सूखी पड़ी खार नदी में पानी आया। यह नजारा देख लोगों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ गई। इस नजारे को देखने से लोग खुद को नहीं रोक पाए और नदी के पास लोगों की भीड़ जमा हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10-12 साल बाद खार नदी आई है, गुरुवार को कई घंटों हुई बारिश के बाद नदी में पानी आ गया। साथ ही तेज बरसात के बाद क्षेत्र में खेत-खलियान जलमग्न हो गए। दूर-दूर तक खेतों में पानी भरा हुआ दिखाई दिया। नदी में पानी की लंबी लहर कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थी। वहीं नदी-नाले, तालाब, बांध पानी से भरे नजर आये। आस-पास के लोगों

■ तेज बरसात के बाद क्षेत्र में खेत-खलियान जलमग्न हो गए

को पानी आने का पता चला तो बाइक, ट्रैक्टर और अन्य गाड़ियों से नदी-नालों, तालाबों में आए पानी को देखने पहुंच गए। वहीं कस्बे में नगर पालिका की पोल खुलती नजर आई। नगर पालिका की ओर से नालों की समय पर सफाई नहीं होने के चलते मुख्य मार्गों पर कई फीट पानी सड़क पर बहता नजर आया। वहीं मानसून की बारिश से किसानों के चेहरे पर भी खुशी है। तेज बारिश के बाद आगामी फसल के लिए यह बारिश सोना साबित हुई। किसान अब आगामी फसल बोने को तैयार है।

पावटा में मूसलाधार बारिश के बाद 10-12 साल से सूखी पड़ी खार नदी में पानी आया।

सरकारी स्कूलों में रोजाना सातवां पीरियड रिवीजन का रखा जाएगा, आदेश जारी

सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के स्तर पर लाने के लिए शिक्षा विभाग का नवाचार

बीकानेर, (निसं)। सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के स्तर पर लाने के लिए शिक्षा विभाग एक नवाचार करने जा रहा है। इसके तहत कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के सीखने का स्तर बेहतर किया जाएगा, जिससे बोर्ड परीक्षाओं और बाद में प्रतियोगी परीक्षाओं में वह पिछड़े नहीं। शिक्षा विभाग ने शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए अकादमिक योजना तैयार की है। इसके तहत विद्यार्थियों का सीखने का स्तर उनकी कक्षा के स्तर से किसी भी रूप में कम नहीं रहने दिया जाएगा।

शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने इसके लिए आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत सरकारी स्कूल में रोजाना सातवां पीरियड रिवीजन का रखा जाएगा। शिक्षकों को प्रत्येक शनिवार को सप्ताह भर में इस पीरियड में कराई पढ़ाई का आंकलन भी करना होगा। इस ट्रैकिंग के आधार पर शिक्षक को सोमवार एवं मंगलवार को गणित एवं विज्ञान के वही टॉपिक फिर से पढ़ाने होंगे, जो विद्यार्थियों के दिमाग में नहीं बैठे हैं। इस पूरी कवायद के पीछे विद्यार्थी की पढ़ने की क्षमता को भी विकसित करना है। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के पठन-पाठन कौशल में सुधार करना। लेखन कौशल में अभिवृद्धि के साथ शब्दों के सही उच्चारण, वाक्य संरचना, वर्तनी एवं व्याकरण का ज्ञान। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों में साहित्यिक एवं रचनात्मक कौशल का विकास। गणितीय दक्षता के लिए सरल गणितीय संक्रियाओं की समझ उत्पन्न करना।

कक्षा 1 और 2 का रहेगा यह प्लान : विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने एवं समझने में सक्षम बनाना। संख्याओं की पहचान और बुनियादी गणितीय संक्रियाओं में सत्र 2026-27 तक दक्ष बनाना। विद्यार्थी कक्षा 3 में क्रमोन्नत होने से पहले पढ़ने, लिखने एवं संख्या ज्ञान में कक्षा स्तर की दक्षता में सक्षम हो जाए। गणित की प्रश्नावली और विज्ञान के सभी पाठों में फार्मूले समझ आ जाए।

शिक्षा निदेशालय के एसओ अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि विशेष पीरियड को स्कूल में कार्यरत शिक्षकों में से ही एक शिक्षक लेगा। शिक्षा विभाग ने वर्कशीट भी जारी कर रखी है। नई व्यवस्था का उद्देश्य पढ़ाई में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसमें वर्कशीट भरी जाएगी। सप्ताह के अंतिम दिन शिक्षक मूल्यांकन करेगा कि बच्चे को कौन-कौन सा अध्याय या गणित का सवाल गहराई से समझ नहीं आया। फिर सोमवार और मंगलवार को उस विषय के पीरियड में शिक्षक उसे फिर से समझाएंगे। सत्र के लिए विभाग ने यह तय किया विजन सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार करना, लर्निंग लेवल को विद्यार्थी की कक्षा के स्तर अनुरूप लाना, शिक्षण को आसान और आनंददायी और रुचिकर बनाना है।

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

शनिवार 10 अगस्त, 2024

सावन मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र रविवार प्रात: 5:49 तक, साध्य योग दिन 2:52 तक, कौलव करण सांय 4:30 तक, चन्द्रमा आज सांय 4:18 से तुला राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कल्की जयन्ती, श्रियाल छठ, वर्ण षष्ठि, अश्वध मारूती पूजन, नमीनाथ जयन्ती है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: शुभ 7:38 से 9:16 तक, चर 12:32 से 2:10 तक, लाभ-अमृत 2:10 से 5:30 तक।

राहूकाल: 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:00, सूर्यास्त 7:04

मेष
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

वृष
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

मिथुन
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

कर्क
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

सिंह
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

कन्या
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

तुला
नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। आज परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

वृश्चिक
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

मकर
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

कुंभ
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा। मानसिक तनाव अभी बना रहेगा।

मीन
परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

जयपुर की होटल हयात में शादी के दौरान डेढ़ करोड़ रु. की चोरी

पूरी घटना होटल में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हुई है

- सी.सी.टी.वी. में वारदात को अंजाम देता हुए 14 साल का बच्चा अपने साथी के साथ दिखाई दिया
- तेलंगाना के सायबराबाद का रहने वाला परिवार जयपुर में ''डेस्टिनेशन वैडिंग'' करने आया था

जयपुर (कासं)। राजधानी के मुहाना थाना इलाके में होटल हयात में शादी समारोह के दौरान करीब डेढ़ करोड़ रुपए की चोरी हो गई। यह पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वारदात के लिए युवक बच्चे के साथ आया था और मौका देखकर नकदी व जेवरात से भरा बैग उठाकर ले गया। पीड़ित परिवार तेलंगाना के सायबराबाद का रहने वाला है। वह यहां डेस्टिनेशन वेडिंग करने जयपुर आया था।

जांच अधिकारी एसआई छगनलाल ने बताया कि सायबराबाद (तेलंगाना) के रहने वाले नरेश कुमार गुप्ता (61) ने मामला दर्ज करवाया है। उसने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनका हैदराबाद में मेडिकल का बिजनेस है। उनके बेटे साईरमना (24) की शादी कॉलोनी में ही रहने वाली लड़की से तय हुई थी। दोनों ही परिवार ने जयपुर में शादी करना तय किया। शादी के लिए होटल हयात को बुक करवाया था। 8 अगस्त को दूल्हा-दुल्हन पक्ष के लोग शादी के लिए होटल हयात में मौजूद थे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे मंडप के पास आशीर्वाद का प्रोग्राम चल रहा था। आशीर्वाद देने के लिए नरेश की पत्नी ने हाथ में पकड़ा सफेद रंग का बैग मंडप के पास रखा। तभी मौका पाकर पीछे से आया बच्चा नजर बचाकर बैग उठा ले गया।

पीड़ित नरेश ने बताया कि चोरी किए बैग में करीब डेढ़ करोड़ के गहने व कैश रखा था। फुटेज खंगालने पर रात 10 बजकर 10 मिनट पर एक 13-14 साल का लड़का और एक युवक बारात के साथ अंदर घुसते दिखाई दिए। दोनों ही होटल में होने के बाद बैग पकड़े लोगों की निगरानी करते दिखाई दे रहे है। रात 11 बजकर 20 मिनट पर मंडप के पास बैग नीचे रखते ही बच्चा तेजी से आया। नजर बचाकर कुछ ही सेकेंड में बैग उठाकर ले गया। होटल के एंट्री गेट के पास खड़े साथी युवक को बैग पकड़ा दिया। बैग चोरी कर दोनों ही तेजी से वहां से फरार होते दिखाई दिए। पूरी घटना महज 1 मिनट में हुई।

पीड़ित नरेश कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि हमने 7 और 8 अगस्त के लिए होटल बुक किया था। 8 अगस्त को रात को शादी का प्रोग्राम था। 9 अगस्त को सुबह 12 बजे चेक आउट करना था। शादी के लिए दूल्हा-दुल्हन पक्ष के 180 मेंबर होटल में ठहरे थे। बैग में 85 हजार रुपए का एक सेट गले का हार और कानों की रिंग मोती, दो लाख की सोने की दो चूड़ियां, 14 लाख रुपए का एक नेकलेस गोल्ड व डायमंड का सेट ग्रीन विटस, अस्सी लाख रुपए का एक फाइव लाइन नेकलेस सेट गोल्ड डायमंड, 30 लाख का एक नेकलेस सेट गोल्ड डायमण्ड, पांच लाख का विकटोरियन ब्रोज गोल्ड डायमण्ड, दो लाख का एक कुंदन ब्रोच गोल्ड डायमंड, दो लाख का एक डायमंड ब्रासलेट सेट और करीब 1 लाख रुपए कैश रखा हुआ था।

जांच अधिकारी ने बताया कि होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला गया है। फुटेज में बैग चोरी करने वाला बच्चा और उसका साथी दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर चोरों के निकलने का रूट चार्ट बनाया जा रहा है। इसके लिए होटल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को भी चेक करने में पुलिस टीम जुटी है।

राजस्थान विवि. में छात्र से रैगिंग, मामला दर्ज

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय में एक छात्र से रैगिंग का मामला सामने आया है। पीडित छात्र ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार धौलपुर निवासी हर्ष तिवारी ने मामला दर्ज करवाया कि वह बीए प्रथम वर्ष राजनीति विज्ञान का छात्र है। केंद्रीय विश्वविद्यालय अजमेर के दोस्त राघवेंद्र को राजस्थान विश्वविद्यालय दिखा रहा था। वह अपने दोस्त के साथ स्कूटी लेकर जैसे ही विवेकानंद हॉस्टल की तरफ खुलने वाले गेट पर पहुंचा तो राहुल महला, महेश चौधरी, मोहित यादव और उनके साथी छात्र नेता स्कार्पियो कार लेकर आए। उन्हें कुचलने की स्टाइल में कार दौड़ा कर ले आए, फिर सामने लाकर अचानक तेज ब्रेक लगाए। इसके बाद आरोपितों ने उसके साथ रैगिंग शुरू कर दी है। आरोपितों ने उसके मोबाइल छीन लिए और अपशब्द कहे। घटना 7 अगस्त की शाम चार बजे की है। इस पर पीड़ित ने अगले दिन थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के बाद राहुल महला ने भी हर्ष तिवाड़ी और उसके साथी पर मारपीट, गाली-गलौच करने, अपशब्द कहने सहित अन्य आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है। राहुल महला ने दर्ज मामले में बताया कि हर्ष तिवाड़ी एबीवीवी का कार्यकर्ता है।

261 करोड़ के टैंडर में भ्रष्टाचार की शिकायत सरकार तक पहुंची

जयपुर । प्रदेश के हर जिले में मोबाइल मेडिकल वैन सर्विस को लेकर स्वास्थ्य विभाग की 261 करोड़ के टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की शिकायत आ रही है। 261 करोड़ के टेंडर में भ्रष्टाचार को लेकर सीएम भजनलाल शर्मा और एसीबी में शिकायत की गई है। एक व्हिसल ब्लोअर ने सीएम और एसीबी महानिदेशक को पत्र लिखकर मोबाइल मेडिकल वैन सर्विस के टेंडर में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए और कार्रवाई की मांग की।

शिकायत में बताया गया कि प्रदेश के हर जिले में मोबाइल मेडिकल वैन सर्विस उपलब्ध करवाने की टेंडर प्रक्रिया में एक कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर की शर्तों में मनमाने बदलाव किए गए हैं। नेशनल हेल्थ मिशन के एमडी ने 9 मार्च को टेंडर निकाला। 23 जुलाई को एमडी एनएचएम ने एक कोरिजेंनडम निकालकर टेंडर की शर्तों में दर्जन भर बदलाव कर दिए। टेंडर की शर्तों में बदलाव प्री बिड बैठक से पांच दिन पहले किए गए। एक खास कंपनी को टेंडर देने के लिए टेलरमेड निविदा मंगवा ली गई, जबकि सब कुछ पहले तय हो चुका था। टेंडर की कई शर्तों में ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिनसे जनता और सरकार दोनों को नुकसान है। व्हिसल ब्लोअर ने टेंडर की शर्तों में बदलाव की टाइमिंग पर सवाल उठा कर मामले में जांच की मांग की है। पहले मोबाइल मेडिकल वैन में मेडिकल इक्विपमेंट रखने की शर्त थी, जिसे डिलीट कर दिया गया। मोबाइल मेडिकल सर्विस देने वाली कंपनी को हर साल टेंडर प्राइस का 3 प्रतिशत अतिरिक्त पैसा देने का प्रावधान जोड़ा गया, पहले यह प्रावधान नहीं था।

टेंडर के लिए योग्यता पहले 100 मोबाइल मेडिकल वैन सर्विस संचालित करने के अनुभव की शर्त थी। इस शर्त को बाद में बदला गया। 100 से घटाकर 75 मोबाइल मेडिकल वैन के अनुभव की शर्त जोड़ दी। साथ ही दो राज्यों में काम करने का अनुभव भी अनिवार्य कर दिया। टेंडर में शामिल होने वाली कंपनी के लिए पहले शर्त थी कि उसका तीन साल का टर्नओवर कम से कम 85 करोड़ होना चाहिए था। इस शर्त में बदलाव करके इस अवधि को चार साल कर दिया गया।

पहले टेंडर में शर्त थी कि सर्विस प्रोवाइडर के पास सेंट्रलाइज्ड कॉल सेंटर और जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम हो। यह सेवा सेंट्रलाइज्ड कॉल सर्विस विद जीपीएस ट्रैकिंग से मैनेज करने की शर्त थी। बाद में इसमें संशोधन करके यह प्रावधान हटा दिया कि कॉल सेंटर की कोई आवश्यकता नहीं है। मोबाइल मेडिकल वैन सर्विस देने वाली कंपनी को कॉल सेंटर और जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से अलग कर दिया।

प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नाशक दवा

जयपुर । कृमि संक्रमण से बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर हानिकारक प्रभाव को रोकने के लिए निश्चित समयान्तराल पर कृमि मुक्त (डिवार्मिंग) करने से कृमि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है। इसके लिए राज्य में 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम नागौर जिले के खींवसर ब्लॉक मुख्यालय पर होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर होंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री खींवसर के राजकीय अस्पताल में शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित कार्यक्रम में नौनिहालों को एलबेंडाजॉल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान 10 अगस्त को आयोजित कर 1 से 19 साल तक की उम्र के लगभग 3 करोड 33 लाख 59 हजार लक्षित बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाई जायेगी।

सरस दूध 2 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ

- बढ़ी हुई कीमतें 11 अगस्त से लागू होंगी, बूथ संचालकों का कमीशन बढ़ाया

जयपुर । राजधानी जयपुर में सरस दूध 2 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) की बढ़ी हुई कीमतें 11 अगस्त की शाम को होने वाली सप्लाई से लागू होगी। डेयरी प्रशासन ने दूध के सभी ब्रांड पर 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया है। इन बढ़ी हुई कीमतों का प्रभाव जयपुर और दौसा जिले के उपभोक्ताओं पर प्रभावी रहेगा, क्योंकि जयपुर डेयरी से दूध की सप्लाई इन दो ही जिलों में की जाती है। जयपुर डेयरी वर्तमान में इन दोनों जिलों में हर रोज 10.60 लाख लीटर से ज्यादा दूध की सप्लाई करती है।

डेयरी प्रशासन ने बूथ संचालकों का कमीशन भी 3 फीसदी बढ़ाया है। वर्तमान में उनको 1.50 रुपए प्रति लीटर कमीशन मिलता है, जो बढ़कर अब 1.56 रुपए प्रति लीटर कमीशन मिलेगा। पिछले महीने जयपुर डेयरी परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन ओम प्रकाश पूनिया ने इस बात के संकेत दिए थे। जयपुर डेयरी ने कुछ समय पहले ही दुग्ध उत्पादकों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की थी, जो करीब 3.65 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से हुई थी।

जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार ने बताया कि वर्तमान में सरस टोंड (नीला) 50 रुपए लीटर, स्टैंडर्ड (हरा) 56 रुपए, गोल्ड 64 रुपए और डबल टोंड 42 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। 11 अगस्त को कीमतें बढ़ने के बाद सरस टोंड (नीला) 52 रुपए लीटर, स्टैंडर्ड (हरा) 58 रुपए, गोल्ड 66 रुपए और डबल टोंड 44 रुपए प्रति लीटर मिलने लगेगा। इससे पहले जयपुर डेयरी की ओर से जनवरी 2023 में दूध की कीमतों में इजाफा किया था। उसके बाद से दूध के दामों में बढ़ोतरी नहीं की गई। हालांकि मार्च में दाम बढ़ाए गए थे, तब राजनीतिक विरोध के चलते वापस ले लिया था।

'प्रधानमंत्री ई-बस सेवा' जल्द धरातल पर उतरेगी

राजस्थान को 500 के अतिरिक्त 175 और इलेक्ट्रिक बसें आवंटित हुई

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । 'प्रधानमंत्री ई-बस सेवा' को राजस्थान में जल्द से जल्द धरातल पर उतारने और आमजन को सुगम-प्रदूषण मुक्त सफर देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। प्रदेश को 500 बसों के अतिरिक्त अब 175 इलेक्ट्रिक बसों का आवंटन किया गया है। शुक्रवार को नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने स्वायत्त शासन मुख्यालय में अधिकारियों और स्थानीय निकायों के आयुक्त व अधिशासी अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए सिविल एवं विद्युत इन्फ्रास्ट्राक्चर, डिपो इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य की प्रगति एवं पूर्व में शहरों को आवंटित बसों के अतिरिक्त बसों के आवंटन को लेकर चर्चा की।

टी. रविकांत ने बताया कि पहले केंद्र से 500 इलेक्ट्रिक बसें मिली थी, लेकिन अब 175 अतिरिक्त बसों का और आवंटन किया गया है। जिसके तहत अजमेर को 50, जोधपुर को 50, कोटा को 50 और बीकानेर को 25 इलेक्ट्रिक बसों का आवंटन किया गया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए डिस्कॉम्स के साथ चर्चा की जाए और पावर लाइन्स के लिए समन्वय के साथ उन्हें जल्द से जल्द डवलप किया जाए। सभी कमिश्नर भूमि का मौका मुयाअना खुद करें और फील्ड में जाकर साइट्स को देखें, ताकि भूमि आवंटन संबंधी प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके।

टी. रविकांत ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए शहरों में खासतौर पर भीड़ वाले इलाकों को चिह्नित किया जाए और बेस्ट रूट्स की पहचान की जाए, ताकि लोगों के सफर को सुगम बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शहरी विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगा। ऐसे में प्रोजेक्ट के साथ ट्रांसपोर्ट ऑपरेशन स्पेशलिस्ट जैसे एक्स्पर्ट्स को भी जोड़कर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि निदेशालय स्तर पर शहरी ट्रांसपोर्ट सेल बनाई जाए, जो प्रोजेक्ट की सघन मॉनिटरिंग करे और पॉलिसी लेवल मुद्दों पर अपनी राय रखे। उन्होंने नॉन फेयर रेवेन्यू जैसे शॉप्स आदि के लिए भी प्लान बनाने के लिए निर्देश दिए। बैठक में डीलबी निदेशक व संयुक्त सचिव सुरेश कुमार ओला, वित्तीय सलाहकार महेन्द्र मोहन, मुख्य अभियंता रूडिस्को प्रदीप गर्ग, प्रबंध निदेशक जेसीटीएसएल सहित अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही सभी स्थानीय निकायों के आयुक्त और अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में जुड़े।

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने शुक्रवार को 'प्रधानमंत्री ई-बस सेवा' के लिए अधिकारियों की बैठक ली।

- टी. रविकांत ने बसों का रूट और चार्जिंग सुविधा विकसित करने के निर्देश दिए

सार-समाचार

'स्त्री-2' की स्टारकास्ट जयपुर पहुंची

जयपुर । फिल्म 'स्त्री' की अपार सफलता के बाद दर्शकों को लम्बे समय से इसके सीक्वल इंतज़ार था, जो कि अब कुछ ही दिनों में खत्म होने वाला है। मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म ''स्त्री-2'' आगामी 15 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी मुख्य किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर से लेकर गाने तक दर्शकों के बीच रिलीज़ से पहले ही काफी पसंद किये जा रहे हैं। फिल्म के प्रमोशन के लिए शुक्रवार को राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर गुलाबी नगरी जयपुर पहुँचे। यहाँ भी लोगों में स्त्री की रिलीज़ को लेकर खासा उत्साह दिखा। जयपुर के मैरियट होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों ही कलाकारों ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए और फिल्म से जुड़ी रोचक बातें बताईं। इसके साथ ही फिल्म का एक और गाना 'खूबसूरत' भी रिलीज किया गया।

महेंद्र शर्मा ने दिलाई कार्यकारिणी को शपथ

जयपुर । जल भवन स्थित राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के कार्यालय में शुक्रवार को अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक आयोजित हुई। सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया कि संघ के पदाधिकारी, सक्रिय सदस्यों एवं जिला हनुमानगढ़ के सक्रिय मंत्रालयिक राजसेवकों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला स्तरीय कार्यकारिणी के विस्तार की कड़ी में जिला हनुमानगढ़ के क्षेत्रीय सचिव पद पर विनोद खींचड़, क्षेत्रीय जनसंपर्क सचिव पद पर मोहित कुमार को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया गया। संघ के सलाहकार सुशील शर्मा व अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुरलीधर बसरानी, उपाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकरियों एवं कर्मचारियों ने उनके अग्रिम भविष्य की शुभकामनायें दी। बैठक मैं विभाग को निगम बनाए जाने, एएमएस एप पर उपस्थित की बाध्यता समाप्त कराने एवं राजसेवको की पदोन्नित के साथ ही पदों के पुनर्गठन पर चर्चा की गई।

जयपुर के जैन मंदिर में चोरी

जयपुर । राजधानी करधली इलाके में जैन मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। लॉक तोड़कर मंदिर में घुसा बदमाश प्लास्टिक कट्टे में मूर्ति, गुल्लक व छत्र रखकर चोरी कर ले गया। मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर की करतूत कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि करधनी स्कीम स्थित श्रीमहावीर दिगम्बर जैन मंदिर में चोरी हुई है। मंगलवार देर रात बदमाशों ने चोरी की नीयत से मंदिर को निशाना बनाया। देर रात लॉक तोड़कर चोर मंदिर में घुसा। मंदिर से भगवान महावीर की मूर्ति, चांदी के दो छत्र और गुल्लक व अन्य सामान चोरी कर ले गया। बुधवार सुबह मंदिर पहुंचने पर चोरी की वारदात का पता चला। मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर चोर की करतूत कैद मिली। रात करीब 11:45 बजे एक बदमाश मंदिर में चोरी करने घुसा। वह अपने साथ प्लास्टिक का बड़ा खाली कट्टा लेकर आया था। भगवान महावीर की मूर्ति, छत्र व गुल्लक सहित अन्य सामान को प्लास्टिक कट्टे में रखकर बदमाश चोरी कर ले जाता दिखा। मंदिर में चोरी की सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाकर फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

'एन.पी.एस. ने पेंशन को सुलभ बनाया'

जयपुर । पेंशन का लाभ पहले केवल सरकारी कर्मचारियों को ही मिलता था। लेकिन, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की शुरुआत के बाद अब यह लाभ सभी को मिल रहा है। भारत में जहां वर्कफोर्स की संख्या लगभग 468 मिलियन है, वहीं 90 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा लाभों तक वैधानिक पहुंच भी उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में, कर्मचारियों के जीवनसाथी और बच्चों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एन.पी.एस. एक महत्वपूर्ण साधन बन जाता है। यह बात पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) के चेयरपर्सन, डॉ. दीपक मोहंती ने कही। वे शुक्रवार को जयपुर में फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल द्वारा पीएफआरडीए के सहयोग से आयोजित कॉर्पोरेट्स के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) पर इंटरैक्टिव सेशन में संबोधित कर रहे थे।

सस्टेनेबल-किफायती आवास बेहतर भविष्य तय करेगा : सी. शेखर रेड्डी

जयपुर । सीआईआई की इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल जयपुर चैप्टर ने शुक्रवार को ''आवासीय विकास में सतत और हरित प्रथाओं को बढ़ाने'' पर एक सत्र की सफलतापूर्वक मेजबानी की। क्रेडाई और टोडार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आवासीय परियोजनाओं में स्थिरता पर चर्चा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्रों के प्रमुख हितधारकों से चर्चा की गई।

आईजीबीसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी शेखर रेड्डी ने कहा कि ''भारत में ग्रीन बिल्डिंग आंदोलन, आईजीबीसी द्वारा 2001 में हैदराबाद में केवल एक इमारत के साथ विनम्रतापूर्वक शुरू किया गया था, जो अब 11.92 बिलियन वर्ग फुट को कवर करने वाली 14231 से अधिक परियोजनाओं के साथ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है। जैसे-जैसे शहरीकरण बढ़ रहा है, राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप टिकाऊ और किफायती आवास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, सभी के लिए एक हरित, स्मार्ट भविष्य सुनिश्चित करेगी।''

सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अमित कक्कड़ ने शहरीकरण और जनसंख्या वृद्धि के जवाब में हरित प्रथाओं के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। जयपुर विकास प्राधिकरण के टाउन प्लानिंग निदेशक विनय दलेला ने कहा कि राजस्थान सरकार राज्यभर में हरित विकास को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल नीतियों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है।

आईजीबीसी जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष आनंद मिश्रा ने राजस्थान के ग्रीन फुटप्रिंट का विस्तार करने के लक्ष्य को रेखांकित किया, जिसका लक्ष्य आवासीय विकास में सस्टेनेबल प्रेक्टीसेज को प्रेरित करना है। राजस्थान राज्य में 120 मिलियन वर्ग फुट से अधिक ग्रीन बिल्डिंग फुटप्रिंट की उपस्थिति है।

25 लाख रु. ठगने वाला गिरफ्तार

जयपुर । एयरपोर्ट पुलिस ने डोग्मा सॉफ्ट वेयर के माध्यम से क्रेडिट कार्ड से 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर करने वाले आरोपित शातिर आरोपित माजिद हुसैन निवासी मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित इस तरह की कई लोगों से धोखाधड़ी कर पिछले छह माह से फरार चल रहा था। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने पीड़ित अंकित टेलर की ओर से दर्ज मामले पर कार्रवाई की है।

बारिश में बही करोड़ों रु. की लागत से बनी डामर रोड

भांकरोटा इलाके में रावत स्कूल बासड़ी और जयपुर हैरिटेज स्कूल सिरसी नाडिया के पास जे.डी.ए. द्वारा 7-8 माह पहले बनाई गई डामर की नई सड़कें टूटी, जगह-जगह खड्ढ़ों में बारिश का पानी भरा



-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मानसून की बारिश ने जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा करोड़ों की लागत से बनाई गई डामर रोड की पोल खोलकर रख दी है। जोन-12 में भांकरोटा क्षेत्र में करीब 7-8 माह पहले बनाई गई डामर रोड एक बारिश भी नहीं झेल पायी। रावत स्कूल बासड़ी और जयपुर हैरिटेज स्कूल सिरसी नाडिया के पास जगह-जगह नई डामर रोड क्षतिग्रस्त हो गई है। अब यहां मुख्य सड़क पर गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें बारिश का पानी भरने से स्कूल में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। उधर डामर की घटिया क्वालिटी उजागर होने के बावजूद भी जे.डी.ए. के इंजीनियर्स, ठेकेदारों से सड़क की मरम्मत करवाने के बजाय चुप्पी साधे बैठे हैं।

सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. जोन-12 के इंजीनियर्स ने करीब 7-8 माह पहले भांकरोटा में बांसड़ी से रावत स्कूल तक करीब 3 किलोमीटर दूरी में सड़क बनाने का काम मैसर्स मदनलाल - रामेश्वरलाल फर्म को सौंपा था। करीब सवा करोड़ रु. की लागत से बनाई गई डामर सड़क मानसून की पहली बारिश में ही बिखर गई। हालात ऐसे हैं कि मुख्य सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ है। क्षतिग्रस्त सड़क में से रोडी-कंक्रीट भी निकलकर बिखरने लगी हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल में पढ़ने के लिए आने वाले विद्यार्थियों और यहां से गुजरने वाले लोगों को हो रही है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों और पार्षद ने भी जे.डी.ए. आयुक्त व उपायुक्त को इस घटिया डामर सड़क को लेकर शिकायत दी है। इसके बावजूद भी जे.डी.ए. के इंजीनियर्स इस फर्म से सड़क मरम्मत का काम नहीं करवा रहे। जबकि टैंडर की शर्तों के मुताबिक सड़क निर्माण के बाद 3 वर्ष तक रोड के रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माणकर्ता फर्म की होती है।

- सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. में लागत से करीब 50 प्रतिशत कम दरों पर सड़क निर्माण का ठेका उठा रही हैं कंपनियां, नतीजन सड़कें वर्षभर भी नहीं टिक पा रहीं
- सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-8, पृथ्वीराज नगर, जोन-4 और जोन-9 में भी सड़क निर्माण के जो टैंडर हुए हैं, उनमें भी करीब 15 से 30 प्रतिशत तक कम लागत पर ठेके छूटे हैं।

सूत्रों ने बताया कि इसी प्रकार भांकरोटा में जयपुर हैरिटेज स्कूल, सिरसी नाडिया के पास करीब 2-3 किलोमीटर की दूरी में मैसर्स पाईनियर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भी डामर सड़क बनाई थी। यहां भी सड़क निर्माण के दौरान डामर की मात्रा कम डाली जाने के कारण सड़क टूटकर बिखर गई है। इस सड़क की लागत भी करीब सवा करोड़ रु. थी। सूत्रों की मानें तो जेडीए के इंजीनियर्स ने दोनों फर्मों का सिर्फ 10 प्रतिशत भुगतान रोककर शेष राशि का भुगतान तुरंत कर दिया था। अब दोनों ही फर्म टूटी हुई सड़कों को दुरुस्त करने के बजाय आनाकानी कर रही है।

बताया जा रहा है कि, जयपुर विकास प्राधिकरण में सड़क निर्माण के टैंडर लेने के लिए ठेकेदारों में होड़ मची रहती है। आपसी प्रतिस्पर्धा के चक्कर में ठेकेदार फर्में तय बी.एस.आर. (बेसिक स्टैंडर्ड रेट) से करीब 25-30 प्रतिशत तक कम लागत पर ठेके ले लेती है। इसके अलावा करीब 18 प्रतिशत जी.एस.टी. व अन्य कर राशि का भार भी निर्माणकर्ता एजेंसी पर पडता है। ऐसे में बी.एस.आर. से करीब 50 प्रतिशत कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण किया जाना संभव नहीं रह जाता। अपनी लागत बचाने व मोटा मुनाफा कमाने के लिए सड़क निर्माता कंपनियां तय मानक के मुताबिक डामर नहीं डालती। कहीं रोडी व क्रंकीट की मोटाई कम रखी जाती है तो कहीं डामर की मात्रा, नतीजन करीब 1 साल का वक्त गुजरने से पहले ही सड़कें बिखरने लगती है। सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-8, पृथ्वीराज नगर, जोन-4 और जोन-9 में भी सड़क निर्माण के जो टैंडर हुए हैं, उनमें भी करीब 15 से 30 प्रतिशत तक कम लागत पर ठेके छूटे हैं।

ARBiT
it happens here...

World Lion Day

Lion Day aims to raise awareness of the majestic hunter, the ultimate feline, the king of the *jungle*, the big fluffy kitty of the Serengeti... Hmm, we should have left it at '*king of the jungle*?' August 10th is a day for people to come together from across the world to pay tribute to the mighty lion in as many ways as possible. Though, a fun and exciting occasion for all, its foundations are based in a very serious matter, lion numbers have dramatically declined to the point where the species needs to be placed on the endangered list, just like its larger cousin, the tiger.

राष्ट्रदूत
SATURDAY
10 August 2024
A-B

#SOCIALISING

How to Be a Group Chat Pro

It's hard to get away from group chats but you can make them easier to manage



As a wise person once wrote, "There has never been a good six-way conversation in all of civilized human history," and yet, here we all are, trapped in multiple group chats, that are all somehow necessary and variously distracting, annoying, and off-topic. From old friends to upcoming road trips, from the clubs that our kids attend to extended family chats, group chats are almost impossible to avoid at this point. However, if just a few simple rules were followed, group chat life would be better for everyone.

Here we'd like to propose a few basics.

Think before you post

Remember, your post could be going to dozens of people. Do they all need to know about the one memory you shared with that one person? Probably not. Sometimes, you can send a direct message, even if it's related to the group chat. There are times when everyone needs to be involved in the discussion and times when they don't.

Read and reply

Group chats can be difficult to track, but read what's come before, to avoid needless repetition. If you reply to a message some way back in the conversation, make sure that you respond to it directly so that everyone knows what you're referring to. On WhatsApp, long-press on a message, then tap the reply arrow that appears.

Lock down your groups

If you're in-charge of a group chat, there are various ways to make life easier for everyone. One is to restrict entry to the group. On WhatsApp, tap the top of a chat and pick Group permissions to find the relevant settings. You can ensure that you have approval for any new members and block the group chat participants from inviting anyone new. That gives you (and the other admins) more control over who's involved. There's also a toggle switch for Send messages. If you turn this on, only admins can post to the group, saving a lot of unnecessary chatter in certain groups. You can also turn this option on and off as you go, so, it doesn't always have to be on or off.

Use mute sparingly

Muting group chats are often necessary to maintain your sanity during specific conversations. Almost all messaging apps will let you do this. On WhatsApp, you can long-press on a conversation in the chat list, then tap the bell icon (Android) or choose Mute (iOS) to silence alerts for the next eight hours, and the next week, or indefinitely.

Stay on topic

You would think this goes without saying, but it doesn't. Now, some groups are put together for general banter and breeze shooting, but for those that aren't like family events, school outings, quiz nights, try and keep everything reasonably relevant. In other words, this might not be the place to ask for DIY tips or share a trending meme on Reddit.

Quit when you need to

You're not under any obligation to stay in a group chat you don't want to be in. If the relevant event has long since passed, or you haven't seen the rest of the participants for several years, you're well within your rights to quit with no hard feelings. With some group conversations, the rest of the people involved might not even notice that you're gone.



Two Luminaries A Gold And A Silver

Growing up in a small village in Pakistan, 27-year old Nadeem did not have the institutional support that many athletes around the world benefit from. His love for javelin was ignited in challenging circumstances, where resources were scarce. According to his father, Muhammad Ashraf, the local community played a crucial role in his early training. "People have no idea how Arshad got to this place, today. His fellow villagers and relatives used to donate money so that he could travel to other cities for his training and events in his early days," Ashraf revealed. The collective effort of his community was a lifeline that enabled Nadeem to pursue his dreams. Earlier this year, he made a public appeal for a new javelin to aid his training. His Indian counterpart, Neeraj Chopra, a fellow javelin thrower, responded with unwavering support on social media, showcasing the camaraderie and sportsmanship between the two athletes. This gesture underscored the respect and friendship that transcends national boundaries in the world of sports.

Prakash Bhandari
The writer is a senior journalist

India and Pakistan have been archrivals in cricket, and more. The heated rivalry has been well-noted by all bystanders. This time, both India and Pakistan were hopeful of a good outcome at the stadium. India, because of previous experience, and Pakistan, too, because of good record of their athletes. Shockingly for India, Arshad Nadeem of Pakistan and defending champion, Neeraj Chopra, of India finished 1-2 at the Paris Olympics on Thursday.

Stade de France was packed with fans from the subcontinent. Back in Pakistan, people missed sleep and it was worth it. They stayed up to celebrate Pakistan's first ever gold, apart from hockey. A pity that the Pakistan hockey team, which had once won the Olympic gold in hockey, failed to qualify for the Olympics, this time. Arshad Nadeem emerged as the '*Sitara-E-Pakistan*.'

"There's no doubt about the cricket rivalry. Now, this javelin is also there," Nadeem said through a translator. "People, back home in Pakistan, and even in India, were eager to see us both throwing the javelin and beating each other. I'm happy to see Chopra earning silver." Nadeem set a new Olympic record with a throw of 92.97 meters (305 feet) in his second attempt, smashing the old mark of 90.57, set by Andreas Thorkildsen of Norway in 2008. Nadeem was Pakistan's flagbearer during the opening ceremony in Paris. He played age-group cricket at the state level until he took up throwing sports, starting with shot put and discus.

Chopra took silver at 89.45 meters, a season best, and Anderson Peters of Grenada took the bronze at 88.54. Once a promising cricketer, he abandoned the sport after taking up the javelin, describing the decision as 'the best thing that happened to me.'

"I wouldn't be in the Olympics otherwise," he said before the Games. "I know I have a natural talent for athletics and I'm grateful, but being a non-cricket athlete in Pakistan has challenges, like not getting the required resources and facilities." Nadeem has spoken before about his difficult journey to the Olympics, saying that he had reached the top of the sport with no access to state-of-art grounds or training facilities. He has also used his platform to call for more funding for track and field athletes in Pakistan, saying, "In this day and age, you have to provide world-class facilities to develop athletes as the competition is getting tougher and tougher. You can't produce another Arshad without giving them those facilities." "When I threw the javelin, I got the feel of it leaving my hand, and sensed that it could be an Olympic record, *inshallah* (God willing)," Nadeem said. "God, indeed, made it an Olympic record."

Pakistan can, along with India, contend for gold in cricket, four years from now, when that sport joins the Olympic program in Los Angeles.

Chopra fouled on all five of his other throws and said that he's been in a funk, the last few years. "I'm always injured," said Chopra, who has been slowed by a groin injury. "Nadeem threw really well. Congratulations to him and his country."

Chopra became a superstar in India when he won India's first ever gold medal in track and field, three years ago. But there were no fans in Tokyo because of the coronavirus pandemic.

Arshad Nadeem's journey to becoming Pakistan's first Olympic medalist in 32 years is as awe-inspiring as his record-breaking meter throw. His story is not just one of personal triumphs but also a testament to resilience in the face of adversity. He may have entered this competition as the underdog, perhaps, with a little less awe with which Neeraj would have been viewed, but Nadeem wrote his name in the stars in the Stade de France. The record of 90.57, held by Norway's Andreas Thorkildsen since Beijing 2008, receded into the rear-view mirror as Nadeem put body and soul into his second throw, shocked delight rising from the stands, when the distance came up: 92.97. Nadeem threw his arms up in celebration and near disbelief when the record flashed up on the board, confirming that it was the longest throw in the world, this year. Growing up in a small village in Pakistan, 27-year old Nadeem did not have the institutional support that many athletes around the world benefit from. His love for javelin was ignited in challenging circumstances, where resources were scarce. According to his father, Muhammad Ashraf, the local community played a crucial role in his early training. "People have no idea how Arshad got to this place, today. His fellow villagers and relatives used to donate money so that he could travel to other cities for his training and events in his early days," Ashraf revealed. The collective effort of his community was a lifeline that enabled Nadeem to pursue his dreams. Earlier this year, he made a public appeal for a new javelin to aid his training. His Indian counterpart, Neeraj Chopra, a fellow javelin thrower, responded with unwavering support on social media, showcasing the camaraderie and sportsmanship between the two athletes. This gesture underscored the respect and friendship that transcends national boundaries in the world of sports.

In addition to financial struggles, Nadeem has battled physical setbacks, including elbow, knee, and back injuries, which required knee surgery last year. Despite these obstacles, he has persevered and continued to excel, shifting some of Pakistan's sports focus from cricket to athletics. His story is a powerful reminder that talent and determination, when combined with community support, can overcome even the most daunting challenges. His success not only brings pride to Pakistan but also inspires future generations to pursue their dreams, regardless of the obstacles that they may face.

Every time Neeraj Chopra picks up a javelin, the whole of India holds its breath. The Indian javelin throw ace, too, seldom disappoints, winning medals and setting new records with staggering consistency. One of the highlights of Neeraj Chopra's eventful career, so far, has been his gold medal win at Tokyo 2020. With a best throw of 87.58m in the finals, Neeraj Chopra, in his early twenties, became the first Indian track and field athlete to win Olympic gold and only the second Indian, after shooter Abhinav Bindra, to win an individual gold medal at the Summer Games. Even Neeraj Chopra's second-best throw of 87.03m at the Japan National Stadium, during the Tokyo 2020 men's javelin throw finals would have been enough for the top podium finish. Czech Republic's Jakub Vadlejch won the silver with a throw of 86.67m.

Interestingly, the 87.58m Olympic gold-winning throw, as significant as it may have been, isn't Neeraj Chopra's personal best. In fact, it doesn't even make the top 10. Neeraj Chopra's best throw is 89.94m, achieved at the Stockholm Diamond League in Sweden on June 30, 2022. The mark stands as the men's national record in India and Neeraj Chopra's personal best. His two next best throws of 89.45m and 89.34m came during the javelin throw final and qualification event, respectively, at the Paris 2024 Olympics. His throw in the final fetched him a silver, making him the most successful individual Indian Olympian.

The previous three national records, 89.30m at the Paavo Nurmi Games 2022, 88.07m at the 2021 Indian Grand Prix 3 in Patiala and 88.06m at the 2018 Asian Games in Jakarta, also belonged to Neeraj Chopra.

Neeraj Chopra's best at the World Athletics Championships came during the qualification round at Budapest 2023, where he threw an 88.77m. His effort in the 2022 final measured 88.13m, which earned India historic silver at the 2023 world championships. Neeraj Chopra threw the javelin 88.17m to win another historic medal, this time a gold, for India.

Neeraj Chopra won the gold medal at the IAAF World U20 Championships 2016 in Bydgoszcz, Poland. This effort, which helped Chopra grab world attention, came on the back of an 86.48m attempt, an under-20 world record!

The Indian ace's gold-medal winning effort at the Commonwealth Games 2018, meanwhile, measured slightly shorter at 86.47m.

rajeshsharma1049@gmail.com

#OLYMPICS

Here's a list of Neeraj Chopra's Best Throws to date

Rank	Throw	Competition	Date
1	89.94m	Stockholm Diamond League 2022	June 30, 2022
2	89.45m	Paris 2024 Olympics - F	August 8, 2024
3	89.34m	Paris 2024 Olympics - Q	August 6, 2024
4	89.30m	Paavo Nurmi Games (Turku)	June 14, 2022
5	89.08m	Lausanne Diamond League 2022	August 26, 2022
6	88.88m	Asian Games 2023 (Hangzhou)	October 4, 2023
7	88.77m	World Athletics Championships 2023 (Budapest) - Q	August 25, 2023
8	88.67m	Doha Diamond League 2023	May 5, 2023
9	88.44m	Zurich Diamond League Final 2022	September 8, 2022
10	88.39m	World Athletics Championships 2022 (Oregon) - Q	July 21, 2022
11	88.36m	Doha Diamond League 2024	May 10, 2024
12	88.17m	World Athletics Championships 2023 (Budapest) - F	August 27, 2023
13	88.13m	World Athletics Championships 2022 (Oregon) - F	July 23, 2022
14	88.07m	Indian Grand Prix 3 (Patiala)	March 5, 2021
15	88.06m	Asian Games 2018 (Jakarta)	August 27, 2018
16	88.00m	Zurich Diamond League Final 2022	September 8, 2022
17	87.86m	ACNW League Meeting 1 (Potchefstroom)	January 28, 2020
18	87.80m	Federation Cup (Patiala)	March 17, 2021
19	87.73m	World Athletics Championships 2023 (Budapest) - F	August 27, 2023
20	87.66m	Lausanne Diamond League 2023	June 30, 2023
21	87.58m	Tokyo 2020 Olympics - F	August 7, 2021
22	87.46m	Stockholm Diamond League 2022	June 30, 2022
23	87.43m	Doha Diamond League 2018	May 4, 2018
24	87.03m	Tokyo 2020 Olympics - F	August 7, 2021
25	87.00m	Zurich Diamond League Final 2022	September 8, 2022
26	86.92m	Paavo Nurmi Games (Turku)	June 14, 2022
27	86.84m	Stockholm Diamond League 2022	June 30, 2022
28	86.79m	Kuortane Games 2021	June 26, 2021
29	86.69m	Kuortane Games 2022	June 18, 2022
30	86.67m	Stockholm Diamond League 2022	June 30, 2022
31	86.65m	Tokyo 2020 Olympics - Q	August 4, 2021
32	86.52m	Doha Diamond League 2023	May 5, 2023
33	86.48m	World U20 Championships 2016 (Bydgoszcz)	July 23, 2016
34	86.47m	Commonwealth Games 2018 (Gold Coast)	April 14, 2018

Jubilation in Pakistan

President Asif Ali Zardari said, "Arshad Nadeem! You are the pride of the entire nation. The triumph of Nadeem is the victory of the entire nation." Prime Minister Shehbaz Sharif said, "History made." The armed forces of Pakistan, Chairman Joint Chiefs of Staff Committee (CJCSC) and services' chiefs congratulated the nation over the great achievement of Nadeem.

#EVOLUTION

Natural Selection

A new finding shows that natural selection could lead to similarities as well as differences



Natural selection is usually understood in the context of change. When organisms deviate from the norm, they may gain advantages that let their lineages outlast those of their less-adaptable relatives. But the new research suggests that natural selection also has the power to keep things the same.

"We always talk about the vast diversity of life and we should. It's incredible. Natural selection has given us a lot of that, probably most of that diversity," says Jeff Conner, a professor with Michigan State University's College of Natural Science and the W.K. Kellogg Biological Station, or KBS. "But natural selection can also cause similarities."

Conner and his team have published a new report that expands science's understanding of natural selection in the face of another evolutionary mechanism called *genetic constraint*.

The idea behind constraint is that, as species evolve, they can lose genetic flexibility in certain areas. This drives specific traits to stabilize and persist through generations.

Roughly speaking, then, it's tempting to think of natural selection as the accelerator of evolution, driving different or divergent traits and constraint as the brakes, maintaining or conserving similarities.

"Our work flips the script on that a little bit," Conner says. "We're suggesting that selection can also slow things down, that it can cause similarities as well as differences."

During the peer-review process, the work was described as a fascinating project that challenged long-standing assumptions.

This new paper builds on another report from Conner's group, earlier this year, led by graduate student Robin Waterman. That work was published in the journal *Evolution* and first hinted that selection could be responsible for conserving traits.

But the researchers still needed to rule out contributions from constraint. In both studies, the researchers relied on wild radish as a model organism, but the plant is also a highly damaging weed in agriculture, especially in wheat fields in Australia and the southeastern United States. In both publications, the researchers studied a defining feature of wild radish, which is the length of its stamens, or pollen-producing parts. Two of its six stamens are short and four are long. This trait or feature is also shared widely across wild radish's nearly 4,000 relatives in the mustard family. That includes *Arabidopsis thaliana*, another important model organism, garlic mustard, an invasive species in the United States, and many crops such as kale, cauliflower, and Brussels sprouts.

So, although the researchers were focused on fundamental biology in these two reports, their work also could inspire future studies to benefit scientists and farmers across the globe.

To evaluate the influence of selection and constraint on this family's distinctive stamen trait, the team turned to what's called *artificial selection*. That is, they selectively bred wild radishes whose stamens were closer to the same length to try and change that characteristic. "Perhaps, the best method to test for short-term constraints is artificial selection because if a trait responds to artificial selection, it clearly can evolve," the team writes. "But if the trait does not respond, there is a constraint caused by a lack of genetic variation."

The trait responded, and it did so very quickly. The team reduced the stamen length difference by more than 30% during its experiments.

"This family of plants has maintained this four-long, two-short trait over 50 million years, and we can get rid of a third of the difference in five generations, which would be five years," Conner says. "My guess is if we kept going, we would get back to six stamens of equal length." The ancestors of this family had stamens of equal length and a few species within the family have reverted to equal lengths over the intervening time. But wild radish and the majority of its relatives have evolved, and kept the four-long, two-short motif likely, thanks to natural selection.

Researchers believe that the stamen of different lengths gives the species an advantage when it comes to how pollinators interact with the plant, but they aren't sure exactly what that advantage is. Waterman and Conner have designed experiments to look into that.

So, wild radish still holds some mysteries, but it's provided a potent reminder of the power of natural selection. "Natural selection is very important," Conner says. "A lot of things people have thought selection couldn't do, we're learning selection can do."

THE WALL



BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott

ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman

देवनानी ने दिल्ली में पी.एम. मोदी से मुलाकात की

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री का उनके तीसरे स्वर्णिम कार्यकाल के लिए अभिनंदन किया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को दिल्ली यात्रा पर रहे। देवनानी ने दिल्ली में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने मोदी का उनके नेतृत्व में तीसरी बार बनी केंद्र सरकार के यशस्वी और स्वर्णिम कार्यकाल हेतु अभिनंदन किया। देवनानी ने भारत की जनता द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर किए गए भरोसे को ऐतिहासिक बताया। देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को पुष्प गुच्छ, भगवान झूलेलाल की तस्वीर, विभाजन विभिषिका पुस्तक की प्रति और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 से आरंभ राजस्थान विधानसभा डायरी भेंट की। स्पीकर देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर वर्ष 2021 से 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस मनाए जाने की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। देवनानी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उनके परिवार ने भी विभाजन का दंश झेला था। देवनानी ने प्रधानमंत्री से सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी चर्चा की।

देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को 16वीं राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की जानकारी दी। स्पीकर देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को विधानसभा में किए गए नवाचारों का फोल्डर भी भेंट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नव वर्ष से प्रारंभ की गई राजस्थान विधानसभा की डायरी को देखा। प्रधानमंत्री ने देवनानी को इस प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि डायरी में प्रत्येक महीने के आरंभ में प्रकाशित महापुरुषों के चित्र गौरवान्वित करते हैं।

प्रधानमंत्री ने विधानसभा की डायरी के प्रत्येक महीने के प्रथम पृष्ठ को देखा। प्रधानमंत्री ने विधानसभा में किए गए नवाचारों की सराहना की। देवनानी ने प्रधानमंत्री को बताया कि राजस्थान विधानसभा को गुजरात विधानसभा की तर्ज पर पेपरलेस बनाए जाने के लिए नेवा परियोजना का कार्य आरंभ कर दिया गया है। स्पीकर देवनानी की प्रधानमंत्री मोदी से इस शिष्टाचार मुलाकात में राजस्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भगवान झूलेलाल की तस्वीर भेंट की।

- देवनानी ने मोदी को राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की जानकारी दी, प्रधानमंत्री ने नवाचारों की सराहना की
- देवनानी ने प्रधानमंत्री से सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी चर्चा की

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पहुंचे

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी के साथ राजस्थान हाईकोर्ट में आयोजित सेमिनार में हिस्सा लिया

जोधपुर, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार शाम को दो दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पहुंचे। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर अगवानी की। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी मधु श्रीवास्तव, संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति ने अपनी पत्नी सहित राजस्थान हाईकोर्ट में आयोजित सेमिनार में हिस्सा लिया। उप राष्ट्रपति ने अपने वकालात के समय के अनुभव शेयर किए। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट जस्टिस संदीप मेहता, चीफ जस्टिस हाईकोर्ट राजस्थान एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस पुष्पेंद्र भाटी भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति कल हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। शनिवार सुबह 11 बजे वे मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। दोपहर दो बजे वे यहां से सीधे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। गौरतलब है कि राजस्थान हाई कोर्ट की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। शनिवार को रोल ऑफ ज्यूडिशरी इन इमर्जिंग इंडिया विषय पर सेमिनार भी आयोजित होगा, जिसमें उपराष्ट्रपति सहित सभी अथिति शामिल होंगे।

संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर अगवानी की।

गोली लगने से घायल हुए गौरक्षक की मौत

नूंह में दो माह पहले पशु तस्करों ने गोली मारी थी

पावटा, (निसं)। हरियाणा के गुरुग्राम जिले के नूंह में दो महीने पहले पशु तस्करों के हमले में गोली लगने से घायल गौरक्षक सोनू सरपंच की वेदांता अस्पताल में मौत के बाद श्री राम गौ सेवा समिति व संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के गौ सेवकों मे आक्रोश देखा गया। बैठक के दौरान सीएम के नाम ज्ञापन देने की बात कहते हुए गौरक्षक सोनू सरपंच के हमलावरों को गिरफ्तार कर उसे न्याय दिलाने की बात कही। गौरतलब है कि गौरक्षक सोनू सरपंच को 15 जून को तड़के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नूंह जिले के महू-चोपता गांव के पास पशु तस्करों ने गोली मार दी थी, जिसकी वेदांता अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस दौरान नीरज सैन, सुभाष यादव, निलेश चौधरी, राहुल खंडेलवाल, पंकज जिन्दल, लोकेश टांक, विकास शर्मा, रिंकू थालोड, पवन यादव, अक्षय सिंह, नितेश शर्मा, आदित्य गौड़, अमित वर्मा, प्रिंस शर्मा, विशाल गुवारिया, अनिल कुमावत, राघव शर्मा अमित बटवाल, प्रह्लाद सैन, साहिल टीलावत सहित कई गौ सेवक मौजूद रहे।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (निसं)। युवती ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने एवं वीडियो व फोटो खींचने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी भुपेन्द्र सुथार पुत्र चतुर्भुज के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी से दस वर्ष का परिचय है। 29 जुलाई को आरोपी के बुलावे पर मैं मौके पर उसके बताए अनुसार होटल पर गई थी। जहां उसने बातचीत करने के दौरान पेय पदार्थ पिलाया उसके बाद मैं अचेत हो गई। इस दौरान उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा फोटो व वीडियो तैयार कर लिया।

घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म

अजमेर, (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता से घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति के दोस्त पर घर में अकेले होने का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने रामगंज थाने में शिकायत दी है, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित विवाहिता ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए पति के दोस्त पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसका पति काम पर गया हुआ था। पीछे से पति का दोस्त घर पर आया था। जब वह पानी लेने के लिए गई तो आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब वह चिल्लाने लगी तो आरोपी ने उसे अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी कि वह उसे समाज में बदनाम कर देगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसका पति हॉस्पिटल लेकर गया था।

मारपीट कर लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

एक साल से फरार चल रहा था आरोपी

खेतड़ी, (निसं)। मेहाड़ा पुलिस ने बांसियाल में मारपीट कर डकैती करने के मामले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले एक साल से फरार चल रहा था।

थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि 18 जुलाई 2023 को परिवादी राहुल ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि वह और उसका साथी बाइक पर बांसियाल से खेतड़ी की ओर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में रोककर कुछ युवकों ने बेरहमी से मारपीट कर वीडियो बनाया। इस दौरान लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी प्रवीण कुमार नायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस की टीम आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी लेकिन आरोपी शातिर होने के कारण पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि लूट व मारपीट करने का आरोपी थाना क्षेत्र में अपने गांव आया हुआ है, जिस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर बांसियाल निवासी रविप्रकाश पुत्र बलवीर गुर्जर को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ की तो वारदात में शामिल होना कबूल कर लिया।

जिस पर पुलिस ने आरोपी को मारपीट कर लूट के मामले में गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी सरदारमल चौधरी, एचसी हरिराम, कांस्टेबल रवि कुमार, चौखाराम, मुंशीराम आदि शामिल थे।



मारपीट व लूट के मामले में युवक को गिरफ्तार किया।

बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर भीलवाड़ा के बाजार बंद रहे

भीलवाड़ा, (निसं)। संत व सनातन धर्म समाज के बैनर तले हरिसेवा उदासीन आश्रम के महंत हंसराम और अन्य संतों-महात्माओं के सान्निध्य में बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर भीलवाड़ा के बाजार बंद रहे। वहीं संतों के सानिध्य में रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

महंत हंसराम ने बताया कि वर्तमान में बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर घोर अत्याचार हो रहा है। हिन्दूओं के धार्मिक स्थलों, घरों, मकानों, ऑफिस, व्यापारिक संस्थानों, मॉल विविध स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, महिलाओं व बालिकाओं के साथ बलात्कार व अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है सैकड़ों हिन्दू अल्पसंख्यकों की हत्या की गई है। महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन, महंत संतदास महाराज हाथीभाटा, महंत रामदास रामायणी हनुमंत धाम, महंत बलरामदास महाराज रपट के हनुमानजी, पुजारी मुरारी पाण्डे पंचमुखी हनुमान मंदिर का सान्निध्य में शहर के बाजार बंद रखते हुए जुलूस निकालकर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, हिन्दू जागरण मंच, सिंधु सेवा समिति, भारतीय सिंधु सभा, सनातन सेवा समिति सहित विविध संगठनों के सदस्य पदाधिकारी व समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बांग्लादेश के विभत्स कर देने वाले घटनाक्रम की सभी ने निन्दा की। बैठक में बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दूओं, सिखों आदि के धार्मिक स्थलों व जान-माल की सुरक्षा पर चिन्तन किया गया।

बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर भीलवाड़ा के बाजार बंद रहे और संतों ने रैली निकाली।

- भीलवाड़ा शहर में संतों के सानिध्य में रैली निकाली, एडीएम को ज्ञापन सौंपा

दहेज की मांग, विवाहिता को घर से निकाला

दहेज में कार व 6 लाख रुपए की मांग की

मकराना, (निसं)। दहेज में कार व 6 लाख रुपए की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकालने का एक मामला पुलिस थाना में दर्ज करवाया गया है। मनाना निवासी भाग्यश्री पत्नी राकेश मंडा व पुत्री हनुमान प्रसाद ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी कुड़सू नोखा बीकानेर निवासी राकेश मंडा पुत्र रामजस मंडा के साथ हुई थी। उसने बताया कि उसका पति सरकारी टीचर हैं।

शादी के बाद ससुराल जाते ही पति राकेश सहित ससुर रामजस, देवर रामदयाल, ननद विमला, मीरा व सास ने मारपीट की और कहा कि दहेज में गाड़ी व 11 लाख रुपए देकर समाज में नाक कटवा दी। मायके जाओ तो कार व बाकी 6 लाख रुपए लेकर आना वरना परिणाम भुगतने को तैयार रहना। 8 अगस्त 2020 को पति के साथ ससुराल जाते समय रास्ते में पति ने कल्याणपुरा में गाड़ी रोक दी और कहा कि गहने नहीं पहने इसलिए उसे यही छोड़कर जा रहा है। गत 21 मई को उसका पति रात्रि में उसके मायके आया और मारपीट कर मांग दोहराई।

विदेशी मुद्रा कारोबार को लेकर ऑनलाइन लेन-देन का पर्दाफाश

जोधपुर, (कासं)। शहर की सरदारपुरा पुलिस ने विदेशी मुद्रा कारोबार को लेकर ऑनलाइन लेन-देन का पता लगाया है। दो युवकों को चिल्ड्रन पार्क के पास से पकड़ा गया है। जनवरी से लेकर अब तक 80-90 करोड़ के ट्रांजेक्शन का आरंभिक तौर पर पता लगा है। इसमें दो अन्य लोग सरगना बताए जाते हैं, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस ने टीमें लगाई है। सबइंस्पेक्टर ने इस बारे में सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोपी सिंडिकेट के तौर पर कार्य कर रहे हैं, जो कि एक गिरोह के रूप में है।

सरदारपुरा पुलिस के अनुसार विदेशी मुद्रा का ऑनलाइन कारोबार कर फ्रॉड करने वाले दो शख्स पाली हाल कुड़ी निवासी जीताराम उर्फ जीतू और विवेक विहार के रहने वाले अनिल कुमार को पकड़ा गया है। हालांकि अभी उनके मोबाइल में ज्यादा ट्रांजेक्शन का पता नहीं लगा है। मगर जनवरी से लेकर अब तक 80-90 करोड़ का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली है। यह लोग यूएसडीटी डॉलर कारोबार से जुड़े हैं। गुरूवार को इनके चिल्ड्रन पार्क के पास आने की जानकारी मिलने पर सरदारपुरा पुलिस ने पकड़ा। इनके दो साथियों रोहित और राहुल के नाम सामने आए हैं जोकि सरगना माने जाते हैं।

अजमेर में बरसात से जर्जर तीन मंजिला भवन गिरा

भवन में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन होता था, गनीमत यह रही कि जिस दौरान भवन गिरा उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, बड़ा हादसा टला

अजमेर, (कासं)। प्रदेश में सक्रिय मानसून के चलते अजमेर शहर सहित जिलेभर में पिछले पांच दिनों से लगातार रुक-रुककर हो रही कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात से जहां मौसम खुशनुमा है, वहीं पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं शुक्रवार दोपहर 12 बजे हुई बरसात के चलते केसरगंज स्थित बाटा तिहारे के पास जर्जर तीन मंजिला भवन ढह गया। हादसे से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही निगम प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से मलबे को हटवाया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर 12 बजे के करीब हुई तेज बरसात के बीच केसरगंज बाटा तिराहा के पास बाजे वाली गली में एक तीन मंजिला जर्जर भवन भरभराकर गिर गया। भवन में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन होता था। गनीमत यह रही कि जिस दौरान भवन गिरा उस वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। अचानक हुए हादसे से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल हो गया। अचानक हुए हादसे के बाद आसपास रहने वाले लोग घरों से बाहर आ गए। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बारिश में अजमेर इलाके में कई पुरानी बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हुई है, हालांकि इनमें कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

सूचना मिलते ही मौके पर क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इधर नगर निगम अधिकारी भी जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। निगम कर्मचारियों ने जेबीसी की सहायता से जर्जर भवन के गिरे मलबे को हटाया। भवन मालिकों को नगर निगम ने नोटिस भी दिया।

शहर भर में है जर्जर मकान :- अजमेर नगर निगम सीमा क्षेत्र में पुरानी मंडी, नया बाजार, नला बाजार, दरगाह बाजार, गुर्जर धरती, नगरा सहित अन्य क्षेत्रों में भी दर्जनों ऐसे पुराने मकान हैं जो जर्जर अवस्था में हैं, कभी हादसा हो सकते हैं। मानसून के दौरान लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। नगर निगम प्रशासन भी भवन मालिकों को महज नोटिस देकर खानापूर्ति कर रहा है।

पर्यटक स्थलों पर भीड़ :- शहर में पिछले पांच दिनों से आसमान में बादल छाए रहने और रिमझिम बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है, जिससे पर्यटक स्थलों पर अजमेर शहर ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी पर्यटक पुष्कर और अजमेर के अनासागर सहित अन्य पर्यटन स्थलों को देखने के लिए आ रहे हैं।

जिला कलेक्टर डॉ.भारती दीक्षित ने शहरवासियों से अपील की है कि बारिश के मौसम में पुराने व जर्जन मकानों आदि से दूर रहे। यदि प्रशासन आपसे मकान को खाली करने की अपील करता है तो प्रशासन का सहयोग करते हुए मकान को खाली करें ताकि बारिश के दौरान कोई हादसा नहीं हो और जनहानि से बचा जा सके।

अजमेर में बाटा तिराहे के पास गिरे जर्जर भवन के मलबे को जेसीबी से हटावाया।

- निगम कर्मचारियों ने जेबीसी की सहायता से जर्जर भवन के गिरे मलबे को हटाया, भवन मालिकों को नगर निगम ने नोटिस दिया
- अजमेर शहर सहित जिलेभर में पांच दिन से कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात जारी

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

उदयपुर, (निसं)। गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र कृषि मण्डी गेट एवं पेट्रोल पंप के बीच रास्ते में बाइक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक धनराज (18) पुत्र दिता निवासी केवड़ा कला एवंनया गांव निवासी मनोहर दोनों गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां धनराज की मौत हो गई। दोनों मजदूरी कर मनोहर की बाइक पर बैठकर दक्षिण विस्तार होते हुए नया खेड़ा जा रहे थे, जहां बीच रास्ते में पिछे से आई बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे की सूचना मिलने पर हेडकांस्टैबल मोहनलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह गुरूवार को गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र बारापाल रोड़ पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक चन्दूलाल (26) पुत्र गोतमजी परमार निवासी सरेरा पहाड़ा की मौत हो गई। चन्दू बाइक पर खेरवाड़ा से उदयपुर आ रहा था। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल भैरूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

एक लाख की रिश्वत का लेनदेन करते टोंक जिला उद्योग केन्द्र के मुख्य प्रबंधक सहित तीन गिरफ्तार

अजय खण्डेलवाल वरिष्ठ सहायक, जिला उद्योग केन्द्र बूंदी व मामले में संलिप्त आरोपी जयंत जैन चार्टेड अकाउंटेंट निवाई, टोंक को भी पकड़ा

- आरोपी अजय खण्डेलवाल के टोंक स्थित निवास की तलाशी में छह लाख रुपये से अधिक की संदिग्ध राशि भी बरामद की गई
- विभिन्न औद्योगिक विकास योजनाओं में गलत रिपोर्ट बनाने, गलत लोन पास करने आदि की एवज में रिश्वत राशि का लेन-देन करने की सूचना मिली थी

टोंक, (निसं)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. तकनीकी शाखा ने टोंक में कार्रवाई करते हुये सुल्तान सिंह मीणा मुख्य प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, टोंक एवं अजय खण्डेलवाल वरिष्ठ सहायक, जिला उद्योग केन्द्र बूंदी को आरोपी सुल्तान सिंह के टोंक स्थित निवास पर छापा मारकर एक लाख रुपये संदिग्ध रिश्वत राशि लेते-देते गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त आरोपी जयंत जैन चार्टेड अकाउंटेंट निवाई, टोंक को भी पकड़ा गया है।

सुल्तान सिंह मीणा, मुख्य प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र टोंक।

अजय खण्डेलवाल वरिष्ठ सहायक, जिला उद्योग केन्द्र बूंदी।

जयंत जैन चार्टेड अकाउंटेंट निवाई, टोंक।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. मुख्यालय को एक गोपनीय सूत्र-सूचना इस आशय की प्राप्त हुई कि जिला उद्योग केन्द्र टोंक में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा के द्वारा जिला उद्योग केन्द्र, बूंदी के वरिष्ठ सहायक अजय खण्डेलवाल के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक विकास योजनाओं में गलत रिपोर्ट बनाने, गलत लोन पास करने, फर्जी बिलों के आधार पर अयोग्य व्यक्तियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की एवज में रिश्वत राशि का लेन-देन कर रहे हैं।

जिस पर एसीबी मुख्यालय स्थित तकनीकी शाखा के उप अधीक्षक पुलिस राजेश दुरेजा की टीम द्वारा तकनीकी व गोपनीय रूप से शिकायत का सत्यापन किया गया। ए.सी.बी. जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में सत्यापन से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर शुक्रवार को ए.सी.बी. टोंक इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबरमल, ए.सी.बी इकाई भीलवाड़ा के उप अधीक्षक पुलिस पारसमल एवं ए.सी.बी एस.आई.यू. इकाई, जयपुर के पुलिस निरीक्षक सज्जन कुमार की टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुये आरोपी सुल्तान सिंह मीणा मुख्य प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, टोंक एवं अजय खण्डेलवाल वरिष्ठ सहायक, जिला उद्योग केन्द्र, बूंदी को आरोपी सुल्तान सिंह के टोंक स्थित निवास पर छापा मारकर एक लाख रुपये संदिग्ध रिश्वत राशि लेते-देते गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्तता के आधार पर आरोपी जयंत जैन चार्टेड अकाउंटेंट निवाई, टोंक को भी पकड़ा गया है।

आरोपी अजय खण्डेलवाल के टोंक स्थित निवास की तलाशी में छह लाख रुपये से अधिक की संदिग्ध राशि भी बरामद की गई है। एसीबी जयपुर की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

चांदीपुरा वायरस से दो वर्षीय मासूम की मौत

- बच्ची का शव अहमदाबाद से एम्बुलेंस द्वारा फूलियांकला उपखंड के गांव पहुंचा
- चिकित्सा टीम ने पीपीई किट पहनकर अंतिम संस्कार करवाया

शाहपुरा/भीलवाड़ा, (निसं)। शाहपुरा जिले में चांदीपुरा वायरस से पीड़ित दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। चांदीपुरा वायरस से ग्रसित दो वर्षीय बच्ची का शव अहमदाबाद से एम्बुलेंस द्वारा फूलियांकला उपखंड के एक गांव में पहुंचा तो पूरा गांव सन्न रहा गया। बड़े से लेकर बच्चे तक लोगों के आखों आसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

मासूम को चिकित्सा टीम द्वारा पीपीई किट में पैककर लाए ,केवल थोड़ी देर घर ले जाकर मुक्ति धाम के लिए रवाना हो गए। मुक्ति धाम पर परिवार जनों को पीपीई किट पहनाया गया। वहीं अंतिम संस्कार में मौजूद ग्रामवासियों को मास्क लगाया गया। अंतिम संस्कार के दौरान जिला सीएमएचओ डॉ. वी डी मीणा, फूलियाकलां एसडीएम राजकेश मीना, तहसीलदार सहित चिकित्सा टीम मौके पर मौजूद रही। अंतिम संस्कार के बाद परिवार जनों के सैंपल लिए गए तथा उनको अन्य कहीं जगह नहीं घूमने हेतु पाबंद किया गया। दुखद घटना से गांव मं बड़े से लेकर बच्चे तक लोगों के आखों आसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा गांव में सर्वे में तेजी लाई गई है।

करंट से एक की मौत

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख थाना अंतर्गत गांव गालड़ में विद्युत करंट की चपेट में आने के कारण एक 44 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

सिद्धमुख थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि रमन जाट निवासी गालड़ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि शुक्रवार को सुबह उसके पिता सुभाष चंद्र जाट अपने खेत में खरपतवार हटाने का कार्य कर रहे थे। खेत में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। कृषि कार्य करने के दौरान ट्रांसफार्मर में करंट आ जाने के कारण उसके पिता विद्युत करंट की चपेट में आ गए तथा उनकी मौत हो गई। सूचना पर सिद्धमुख थाना पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

प्रदेश के 18 जिलों में 100 से ज्यादा चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

सुखा-0033 गैंग के दो सरगना गिरफ्तार, तीन जने पुलिस के रडार पर हैं

- आरोपियों ने सोशल मीडिया पर सुखा-0033 नाम से अकाउंट बना रखा था

जोधपुर, (कासं)। जिला जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने ग्रामीण जिला सहित प्रदेश के 18 जिलों में 100 से ज्यादा चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने सोशल मीडिया पर चर्चित सुखा-0033 गैंग के दो सरगना रिजवान और श्रवण को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन जने पुलिस के रडार पर हैं। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में चोरियां करनी कबूली है। फिलहाल पुलिस अन्य जिलों में की गई वारदातों का पता कर रही है। साथ ही पूछताछ कर बरामदगी के प्रयास कर रही है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस थाना खेड़ापा में हुई चोरियों के प्रकरण की जांच के लिए एएसपी भोपाल सिंह लखावत और जयदेव सियाग की अगुवाई में बनाई टीम ने गैंग का पर्दाफाश किया है। आरोपियों ने सोशल मीडिया पर सुखा-0033 नाम से अपना अकाउंट भी बना रखा था, जिस पर वह अपने फोटो अपलोड करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि 150 सीसीटीवी फुटेज आदि का विश्लेषण कर सूचना एकत्रित की गई। टीम की ओर से मुखबिर तंत्र स्थापित कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की गई। इन सभी के आधार पर एक चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ जो कि श्रवणराम पूनिया जाट, रिजवान खां, मोहम्मद नहीम व कैलाश भील की ओर से संचालित था।

सूरसागर निवासी रिजवान का पता चलने के बाद राजकॉप पुलिस एप पर अपराधी के फोटो अपलोड कर मिलान किया गया। इस पर पता चला कि उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में 13 मामले दर्ज हैं। वह सूरसागर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है और कुछ मामलों में वांछित चल रहा है। इसके बाद उसे दस्तयाब किया गया था। इसके बाद आरोपी श्रवणराम पूनिया को दस्तयाब करने के लिए करीब 20 स्थानों पर दबिश दी गई, लेकिन मुलजिम शातिर होने पर टीम के आने से पहले फरार हो जाता था।

किसान बनकर रेकी कर पकड़ा :-श्रवण के पकड़ में नहीं आने पर टीम के सदस्य कानाराम व हरेन्द्र ने एक ट्रैक्टर लेकर किसान की वेशभूषा पहन कर उसके आने-जाने के स्थान पर जाकर रेकी की। सूचना पुख्ता होने पर टीम ने दबिश देकर उसे दस्तयाब कर पुलिस थाना खेड़ापा लाया गया। यहां पर रिजवान और श्रवण से गहन पूछताछ करने पर उन्होंने सेवागांव की चोरी व नकबजनी करना स्वीकार किया। इस चोर गिरोह ने राजस्थान के सीकर, चूरू, नागौर, जोधपुर ग्रामीण व जोधपुर कमिश्नरेट सहित कुल 100 से अधिक स्थानों पर चोरी और नकबजनी की घटना कारित करना स्वीकार किया है। पुलिस ने गिरोह के पास से कई प्रकार के औजार और कार बरामद की है।

सिलेण्डर में आग लगने से पति-पत्नी झुलसे

गंगापुर सिटी, (निसं)। शहर के त्रिलोक नगर कॉलोनी में गुरुवार रात को सिलेंडर में आग लगने से पति-पत्नी झुलस गए। पति धर्मवीर 60 फीसदी जब्कि पत्नी 50 प्रतिशत झुलस गई। साथ ही आग लगने से अफरा-तफरा मच गई। मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए और सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं एम्बुलेंस से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। त्रिलोक नगर कॉलोनी निवासी धर्मवीर (45) पुत्र रामखिलाड़ी बैरवा रात करीब 10 बजे सिलेंडर खत्म होने पर दूसरे सिलेंडर में रेग्यूलेटर लगा रहा था। पत्नी अनीताराज भी पास में खड़ी थी। इसी दौरान अचानक सिलेंडर ने आग पकड़ ली। आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप ले लिया और घर के अंदर रखे कपड़े, बिस्तर सहित अन्य सामान ने भी आग पकड़ ली।

चिड़ावा में डेढ़ इंच बारिश

चिड़ावा, (निसं)। चिड़ावा और आसपास के क्षेत्र में मानसून की तीन दिन से अच्छी मेहरबानी हो रही है। अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। कृषि विशेषज्ञ कृष्ण कुमार रतेरवाल ने कहा कि मानसूनी टर्फ लाइन इधर से गुजरी है, जिससे खेतों में अच्छा पानी आया है। इससे वर्तमान फसल की ग्रोथ अच्छी होगी और किसानों का मुनाफा बढ़ेगा।

इधर अल सुबह साढ़े तीन बजे से सात बजे के बीच जोरदार बारिश हुई। जिससे शहर की पिलानी रोड़, स्टेशन रोड़, कोर्ट रोड़, बागर, गौशाला रोड़, भगतों का मोहल्ला, होली चौक सहित निचले इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी हुई। मौसम विभाग ने आगामी दो दिन मौसम इसी तरह का रहने और बादल छाए रहने के आसार जताए हैं। उपखंड़ मुख्यालय स्थित केंद्र से मिले आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार सुबह आठ बजे तक 37 एमएम बारिश रात से अब तक हुई है।

चिड़ावा में बारिश से कई जगह पानी भर गया।

महिला कांस्टेबल को तबादले का झांसा देकर 16 लाख रुपए हड़पे

- पीड़िता ने दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ थाने में शिकायत दी

अजमेर, (कासं)। आरएसी में तैनात महिला कांस्टेबल से तबादले का झांसा देकर 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शुक्रवार को अलवर गेट थाने में दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलवर थाना प्रभारी श्यामसिंह ने बताया कि आरएसी अजमेर में तैनात महिला कांस्टेबल तारामणी ने लिखित शिकायत देते हुए दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में महिला कांस्टेबल तारामणी ने बताया कि वह लंबे समय से जयपुर तबादले के लिए प्रयास कर रही है।

हाड़ी रानी बटालियन में तैनात कांस्टेबल मुकेश चौधरी और दरगाह थाने में तैनात कांस्टेबल नेमीचंद ने तबादला करवाने का झांसा देकर 16 लाख रुपए हड़प लिए। पहले तो दोनों आरोपियों ने ट्रांसफर की प्रक्रिया में देरी होने का बहाना बनाया, लेकिन जब काफी समय बीत गया और कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो महिला कांस्टेबल को संदेह हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। तारामणी ने पुलिस को बताया कि करीब 6 लाख रुपए दोनों कांस्टेबलों को नकद दिए और शेष राशि करीब 10 लाख रुपए इनके खातों में जमा कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलवर थाना प्रभारी श्याम सिंह ने बताया कि पुलिस संबंधित बैंकों से आरोपी मुकेश और नेमीचंद के खातों में जमा हुई राशि की जानकारी जुटा रही है। इनके बैंक स्टेटमेंट जुटाए जा रहे हैं। इस घटना ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है और विभागीय अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के उच्च अधिकारी इस मामले की जांच की निगरानी कर रहे हैं और जल्द ही इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोटा के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में बाघ ने दम तोड़ा

कोटा, (निसं)। अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में एक बाघ की शुक्रवार को मौत हो गई। बाद में उसका पूरे प्रोटोकॉल से पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार किया । बाघ 18 साल का था। उसे 1 मार्च 2023 को जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से कोटा लाया गया था। सामान्य तौर पर बायोलॉजिकल पार्क या जू में रहने वाले बाघ की उम्र 15 साल होती है लेकिन ये उससे ज्यादा उम्र तक जीवित रहा है।

उपवन संरक्षक अनुराग भटनागर ने बताया कि बाघ गुरुवार शाम 6.15 बजे डिस्प्ले एरिया में था। यहां उसके पिछले हिस्से का मूवमेंट नहीं हो पा रहा था। बार-बार बाघ गोल घूम कर नीचे गिर रहा था। इस संबंध में पशु चिकित्सा और अन्य अधिकारियों को सूचना मिली थी। ऐसे में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विलास राव गुल्हाने पहुंचे और उन्होंने दवाई दी थी लेकिन स्वास्थ्य में कोई ज्यादा फर्क नहीं आया और सुबह बाघ ने अंतिम सांस ली। डॉ.विलास राव गुल्हाने ने बताया कि 1 मार्च 2023 को बाघ को कोटा लाया गया था। इसके पोस्टमार्टम में तीन डॉक्टरों की टीम थी। पोस्टमार्टम के साथ ही कुछ सैंपल भी लिए। जिन्हें इंडियन वेटरीनरि रिसर्च इंस्टीट्यूट इज्जत नगर भेजा जा रहा है। बाघ को किसी तरह की कोई बीमारी नहीं थी। उसे अचानक से गुरुवार शाम को उठने में तकलीफ होने लगी थी। इसके बाद रात में उसे टॉनिक भी दिया। लेकिन वह रिकवर नहीं कर पाया। बाद में उसकी डेथ हो गई।

आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौत

सूरजगढ़, (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर छह रेलवे लाइन के नजदीक तेज गर्जन हवा व बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौत हो गई, जिससे चरवाहा फूलचंद बावरिया का परिवार सकते में आ गया।

फूलचंद बावरिया ने बताया कि करीब चार बजे आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरने से पेड़ के नीचे चर रही पांच बकरियों की मौत हो गई। फूलचंद बावरिया की पत्नी चंद्रकला दो मिनिट पहले ही बारिश से बचने के लिए पास बने मकान के पास खड़ी हुई थी कि आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिसके चलते महिला की जान बच गई। फूलचंद बावरिया ने बताया कि बकरियों के मरने से पूरा परिवार सदमे है। उनका पूरा परिवार बकरियों के पालन पर ही निर्भर है। बकरियों की मौत होने की वजह से जीवन निर्वाह करना मुश्किल हो जाएगा। चेयरमैन पुष्पा गुप्ता ने परिवार को पालिका सहित प्रशासनिक सहायता दिलवाने के लिए आश्वस्त किया।

सूरजगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से 5 बकरियों की मौत हो गई।

क्रेशर पर काम करते करंट लगने से एक की मौत

मेहाड़ा क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर से मजदूरी करने आया था युवक

- क्रेशर पर लाइट ठीक करते समय हादसा हुआ

खेतड़ी, (निस)। मेहाड़ा थाना क्षेत्र के मोड़ी गांव स्थित बालाजी क्रेशर पर करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले का रहने वाला था, जो कुछ दिन पहले ही मजदूरी करने के लिए यहां आया था।

एचसी शैतान सिंह ने बताया कि उधमपुर जिले के सतरेहड़ी निवासी नासिर (19) पुत्र अदरिश मेहाड़ा थाना क्षेत्र के मोड़ी गांव स्थित बालाजी क्रेशर पर एलएनटी ऑपरेटर का काम करता था। रात को बरसात का समय होने पर लाइट सप्लाई बंद होने पर वह बिजली सप्लाई ठीक कर रहा था। इस दौरान अचानक करंट लगने से वह नीचे गिर गया। इसी दौरान वहां मौजूद उसके साथियों ने उसे राजकीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई अरशद अली ने बताया कि जम्मू-कश्मीर से करीब दस-बारह लोग काम करने के लिए खेतड़ी क्षेत्र में आए हुए थे तथा मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। मृतक नासिर भी ढाई महीने पहले मजदूरी करने के लिए यहां आया था तथा करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

मृतक का बड़ा भाई सुल्तान भी यहीं काम करता है तथा 15 दिन पहले ही वह गांव गया था। मृतक नासिर तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था तथा पिता अदरिश भी मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना पर मेहाड़ा पुलिस खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई व अन्य साथियों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया तथा मृतक के शव को उसके पैतृक गांव भेजा गया। एचसी शैतान सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है तथा परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मालपुरा में कांवड़ यात्रा व डिग्गी कल्याणजी के मेले को लेकर व्यवस्थायें जांची

आईजी, कलेक्टर व एसपी सहित चार एएसपी, आठ डीवाईएसपी, पुलिस की पांच कम्पनियां मालपुरा में तैनात रहेगी

- जिला कलेक्टर व एसपी ने शांति समिति, प्रशासनिक अधिकारी सहित कांवड़ व मेला समिति की बैठक ली और दौरा किया

मालपुरा, (निसं)। प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थल डिग्गी में 11 से 15 अगस्त तक आयोजित 59वें लक्खी मेले व 12 अगस्त को चार साल बाद मालपुरा में निकलने वाली शिव कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिये शांति व कानून व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुये सम्भागीय आयुक्त महेश शर्मा, अजमेर रैंज आईजी लता मनोज कुमार, जिला कलेक्टर सौम्या झां, टोंक एसपी संजीव नैन ने मालपुरा पहुंचकर कांवड़ यात्रा मार्ग व जलाभिषेक मंदिर स्थल का जायजा लिया।

शुक्रवार को जिला कलेक्टर व एसपी ने पंचायत समिति सभागार मे शांति समिति सहित कांवड़ व डिग्गी मैला आयोजन समिति एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों का फिडबैक लिया। बैठक में निर्णय लिया कि आईजी, कलेक्टर व एसपी सहित चार एएसपी, आठ डीवाईएसपी, पुलिस जवानों की पांच कम्पनियां मालपुरा में तैनात रहेगी।

सम्भागीय आयुक्त, आईजी, कलेक्टर व एसपी ने मालपुरा पहुंच व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मालपुरा में निकलने वाली शिव कांवड़ यात्रा के आयोजन के दौरान दोनों ही समुदायों के धार्मिक जुलूस व यात्राओं के परम्परागत मार्गों को बदल नवीन मार्गों का निर्धारण करने के बाद से ही शहर में दोनों समुदायों के जुलूस व यात्राओं के आयोजन बंद हो गये थे। चार साल बाद इस बार शिव कांवड़ यात्रा समिति द्वारा 12 अगस्त को बिसलपुर से पवित्र जल की कांवड़ लाकर भगवान शिव का महाजलाभिषेक करने की घोषणा करने के साथ ही पुलिस व प्रशासन तैयारियों में जुट गया।

कांवड़ समिति की और से वर्ष 2018 में उपजे विवाद के बाद वर्ष 2024 में स्थानीय प्रशासन द्वारा केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व सांसद व वर्तमान विधायक बाबा बालकनाथ, हवामहल विधायक बाल मुकन्दाचार्य, शक्तिपीठ की साध्वी समदर्शी गिरी व महंत रामशरण दास महाराज के कांवड़ यात्रा में शामिल होने की प्रचार सामग्री शहर में चस्पा होने के बाद मालपुरा पहुंचे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने मालपुरा कार्यवाहक एसडीएम कपिल शर्मा, एएसपी रामकुमार कस्वा, डीएसपी महेन्द्र मीणा, तहसीलदार राहुल पारिक, थानाधिकारी चेनाराम बेडा के साथ कांवड़ यात्रा के मार्ग दूदू छाण स्टेट हाईवे व प्रशासन द्वारा तय किये गये नवीन मार्ग सहित नवीन मंडी स्थित केदारनाथ मंदिर का जायजा लेकर कावडियों के मंदिर में प्रवेश व जलाभिषेक के बाद निकासी सहित अन्य कानून व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम कक्ष मे बैठक आयोजित कर फिडबैक लिया।

नदीम और नीरज खिलाड़ी के तौर पर दोनों एक दूसरे का सम्मान कर रहे थे। इससे पता चलता है कि खेल किसी भी सीमा से परे है और खेल सभी को एकजुट करता है। इन दोनों ने बहुत अच्छा संदेश दिया है। उन्होंने कहा, "यह भारत-पाकिस्तान जैसा है। - हरभजन सिंह

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, नदीम और नीरज की खेलभावना की प्रशंसा की।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

पीआर श्रीजेश

भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य मेडल जीतने के बाद संन्यास ले लिया। हालांकि, अब भी वह टीम से जुड़े रहेंगे। शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने दिग्गज खिलाड़ी को जूनियर पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अब युवा टीम को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। साथ ही फैंस से श्रीजेश से संन्यास के बाद लगातार उनके वापसी की मांग कर रहे थे। इसको लेकर उन्होंने कहा कि ये विदा लेने का सही समय है।

क्या आप जानते हैं ?... द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फीफा के इतालवी उपाध्यक्ष डॉ. ओटारियानो बैरासी ने विश्व कप ट्रॉफी को अपने पलंग के नीचे एक जूते के डिब्बे में छुपाए रखा।

प्रदर्शन से खुश नहीं हूं : नीरज

पेरिस, 9 अगस्त। भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह अपने प्रदर्शन से खुश नहीं है। नीरज ने पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के बाद कहा, यह एक अच्छा थ्रो था लेकिन मैं आज अपने प्रदर्शन से उतना खुश नहीं हूं। मेरी तकनीक और रनवे उतना अच्छा नहीं था। केवल एक थ्रो (मैं कामयाब रहा) बाकी मैंने फाउल कर दिए। दूसरे थ्रो के लिए मुझे खुद पर विश्वास था कि मैं भी इतनी दूर तक थ्रो कर सकता हूं। लेकिन यह इतना अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा पिछले दो या तीन साल मेरे लिए इतने अच्छे नहीं थे। मैं हमेशा चोटिल रहा हूं। मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की लेकिन मुझे अपनी चोट से दूर रहने और तकनीक पर काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपडा ने गुरुवार को 89.45 मीटर प्रयास के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता। यह उनके करियर का अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। चोपड़ा को पहली बार किसी सीनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने पीछे कर दिया। अरशद ने 92.97 मीटर का बड़ा थ्रो फेंक करके खिताब जीता और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया।

पेरिस में अमन ने मचाया दंगल

भारत को कुश्ती में रेसलर अमन सहरावत ने कांस्य दिलाया, डेरियन क्रूज को 13-5 से हराया

पेरिस, 9 अगस्त। भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में 57 किलोग्राम वर्ग में डेरियन क्रूज को 13-5 से हराकर भारत को छठा पदक दिलाया। पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत का यह पहला पदक है। इससे पहले अमन को सेमीफाइनल मुकाबले में जापान के पहलवान से हार का सामना करना पड़ा था।

अमन ने विश्व चैंपियन अल्बानिया के ज़ेलिमखान अबकारोव को तकनीकी श्रेष्ठता 12-0 के आधार पर हराकर पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमन की यह लगातार दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने उत्तरी मैसेडोनिया के यूरोपीय चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता व्लादिमीर इगोरोव को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।



आप खुद में सोना हो : मोदी

सिल्वर मेडल जीतने के बाद पीएम ने नीरज से की बात

पेरिस, 9 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा को चोट से जूझने के बावजूद अपना दूसरा ओलंपिक पदक जीतने करने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने नीरज के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पाकिस्तान के अरशद नदीम के बारे में टिप्पणियों के लिए उनकी मां सरोज देवी की भी सराहना की। सरोज ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाले नदीम के लिए खुशी व्यक्त करते हुए उसे 'अपने बेटे जैसा' बताया था। पीएम मोदी ने कहा, "आपकी माँ द्वारा दिया गया साक्षात्कार खेल परिवार की भावना को दर्शाता है। उन्होंने बहुत अच्छे अंदाज में कहा, 'वह (नदीम) भी मेरा बेटा है।' मोदी ने उनसे स्वर्ण पदक चूकने पर ध्यान नहीं देने की सलाह देते हुए कहा कि बहुत कम खिलाड़ियों को दो ओलंपिक पदक जीतने का गौरव प्राप्त होता है और आप तो खुद में ही सोना है। नीरज ने प्रधानमंत्री से कहा, " चोट के कारण मैं स्वर्ण पदक के लिए जोर नहीं लगा सका लेकिन चोट और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद रजत पदक जीतकर खुश हूं।"

मोदी ने कहा, "आपने चोट के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की है, जो अविश्वसनीय है। यह हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगा। देश के लिए कुछ करने का यही जज्बा हमें प्रेरित करता है।" मोदी ने नदीम के बारे में कहा, "मुझे याद है पिछली बार आपने अपने प्रतिद्वंदी के प्रदर्शन की प्रशंसा की थी। आपने बताया था कि वह कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हैं।" उन्होंने कहा कि वह नीरज की चोट पर विस्तार से चर्चा करना चाहेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि आगे चलकर इसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सकता है।

सप्त शक्ति कमांड द्वारा हार्स शो का आयोजन कल से शुरू

जयपुर, 9 अगस्त। सप्त शक्ति कमांड के तत्वावधान में 11 अगस्त से 19 अगस्त 2024 तक जयपुर मिलिट्री स्टेशन के कैवलरी पोलो ग्राउंड में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में फेडरेशन इक्वेस्ट्रियन इंटरनेशनल और इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन ऑफ इंडियन के नियमों के तहत

ड्रेसेज, शो जंपिंग और टेंट पेगिंग सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों और प्रतिष्ठित संस्थानों की टीमों सहित विभिन्न प्रकार की सिविल और सैन्य टीमों भी भाग लेगी, जो उभरते और अनुभवी दोनों तरह के घुड़सवारों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उल्लेखनीय भाग लेने वाली टीमों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान पुलिस बल, सागर घुड़सवारी स्कूल और मेयो कॉलेज, अजमेर शामिल हैं।

श्रीजेश और मनु होंगे पेरिस ओलिंपिक समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक

पेरिस, 9 अगस्त। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश और महिला निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में समापन समारोह के लिए भारत के ध्वजवाहक होंगे।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। आईओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा, श्रीजेश ने दो दशकों से अधिक समय तक विशेष रूप से भारतीय हॉकी और भारतीय खेल की सराहनीय सेवा की है। उन्होंने कहा, मैंने नीरज चोपड़ा से बात की और उस सहजता और शालीनता की सराहना की जिसके साथ वह इस बात पर सहमत हुए कि श्रीजेश को समापन समारोह में ध्वजवाहक होना चाहिए। श्रीजेश ठाीष्मकालीन खेलों में पुरुष हॉकी कांस्य पदक

जीतने वाली भारतीय टीम के जबरदस्त प्रदर्शन करने वालों में से एक थे। यह उनका दूसरा ओलंपिक कांस्य है। 36 वर्षीय गोलकीपर ने गुरुवार को कांस्य पदक मुकाबले के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आईओए ने मनु भाकर को महिला ध्वजवाहक घोषित किया था। मनु ने पेरिस ओलंपिक में कई रिकॉर्ड तोड़े और दो कांस्य पदक जीते।

पंचाट न्यायालय में विनेश फोगाट का पक्ष रखेंगे हरीश साल्वे

नयी दिल्ली, 9 अगस्त। पंचाट न्यायालय (सीएएस) में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का संयुक्त रजत पदक दिये जाने का अनुरोध को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है और उनके मामले की पैरवी प्रसिद्ध वकील हरीश साल्वे करेंगे। सीएएस विज्ञप्त के अनुसार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने सात अगस्त को सीएएस एड हॉक डिवीजन में अपील दायर उन्हें पेरिस ओलंपिक में अयोग्य ठहराये जाने के निर्णय को रद्द करने और अंतिम मैच से पहले एक बार और वजन मापने का आदेश देने के साथ-साथ उन्हें फाइनल में भाग लेने के लिए योग्य घोषित किये जाने की मांग सीएएस एड हॉक डिवीजन से की गई थी। इसके साथ ही दूसरी अपील में विनेश ने उन्हें संयुक्त रजत दिये जाने की अनुरोध किया गया था। सीएएस ने दूसरी अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। सीएएस के समक्ष विनेश के मामले की पैरवी के लिए भारतीय अधिकारियों ने वकील हरीश साल्वे को नियुक्त किया।

भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम 4 गुणा 400 स्पर्धा के फाइनल में नहीं बना पायी जगह

पेरिस, 9 अगस्त। भारतीय महिला और पुरुष रिले टीमें शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिता के फाइनल में जगह नहीं बना सकी। आज यहां स्टेड-डी-फ्रांस में हुए पहले राउंड में भारतीय पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम 3:00.58 के सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ हीट 2 में पांचवें और कुल मिलाकर 11वें स्थान पर रही। वे फाइनल में जगह नहीं बना सके। अमोज जैकब, राजेश रमेश, मुहम्मद अजमल और मुहम्मद अनस ने टीम के लिए दौड़ लगाई, जबकि संतोष कुमार तमिलरसन बाहर बैठे रहे। अजमल सबसे तेज भारतीय धावक रहे, जिनका समय 44.60 रहा। फ्रांस ने (2:59.53), नाइजीरिया ने (2:59.81) और बेल्जियम ने (2:59.84) ने भारतीयों को पछाड़ते हुए हीट 2 से फाइनल में जगह बनाई।

राजधानी

बाल भिक्षावृत्ति का मुद्दा उठाया राठौड़ ने

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने देश में बढ़ रहे बाल भिक्षावृति जैसे गंभीर मुद्दे को आज राज्यसभा में उठाते हुए ऐसे बच्चों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था करने की मांग की।

राठौड़ ने कहा कि आज देश के अधिकांश चौराहों पर संगठित गिरोह द्वारा छोटे बच्चों का अपहरण कर उनके अंगों को क्षतिग्रस्त कर भिक्षा मंगवाई जा रही है। इसे रोकने के लिये केंद्र सरकार को विशेष मुहिम चलानी चाहिये।

खाद्य सुरक्षा को लेकर एकलपीठ के दिए निर्देशों पर रोक

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के उन विस्तृत निर्देशों पर रोक लगा दी है, जो एकलपीठ ने खाद्य पदार्थों के मिलावट के संबंध में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए सरकार को दिए थे। इसके साथ ही अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार को मामले में जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

अदालत ने एकलपीठ की ओर से उठाए मुद्दों पर विचार करने के लिए मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने को कहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और गणेश राम मीणा की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। खंडपीठ ने कहा कि एकलपीठ ने मामले में विस्तृत आदेश पारित किए हैं और यह आदेश अंतरिम प्रकृति के ना होकर अंतिम प्रकृति के लग रहे हैं। ऐसे में इन आदेशों को आगे जारी नहीं रखा जा रहा है।

सुनवाई के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि एकलपीठ ने मामले में प्रसंज्ञान लेते समय व्यापक निर्देश देते हुए प्रकरण को सुनवाई के लिए खंडपीठ में भेजा था। एकलपीठ के यह निर्देश अंतरिम प्रकृति के नहीं बल्कि अंतिम प्रकृति हैं। ऐसे में अब खंडपीठ के समक्ष इन निर्देशों को लागू कराने के अलावा कुछ भी करने के लिए शेष नहीं है। इस पर अदालत ने एकलपीठ की ओर से दिए निर्देशों पर रोक लगाते हुए केन्द्र और राज्य सरकार को अपना जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

गौरतलब है कि जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने गत 1 जुलाई को खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर सहित अन्य जानलेवा बीमारियां होने पर चिंता जताते हुए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया था। इसके साथ ही एकलपीठ ने राज्य सरकार को विस्तृत निर्देश दिए थे। एकलपीठ ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय और जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी गठन के आदेश देते हुए कई प्रभावी निर्देश दिए थे।

राज्यपाल आज ट्रेन से बाड़मेर जाएंगे

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे 9 अगस्त को रात्रि 8.55 बजे मालाणी एक्सप्रेस ट्रेन से बाड़मेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

बागडे 10 अगस्त को बाड़मेर में सीमा क्षेत्रों का दौरा करने के साथ ही सैनिक सम्मेलन में भाग लेंगे।

राज्यपल बाड़मेर में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी लेंगे। राज्यपाल का 10 अगस्त रात्रि को ही बाड़मेर से ट्रेन से रवाना होकर 11 अगस्त को सुबह जयपुर आने का कार्यक्रम है।

हाईकोर्ट ने छात्रसंघ चुनावों की जनहित याचिका की सुनवाई से इंकार किया

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से छात्रसंघ चुनाव के नाम पर वसूली गई, फीस वापस किये जाने या फिर चुनाव कराने के संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया है। राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस गणेश राम मीणा की खंडपीठ ने यह आदेश शुभम रेवाड की जनहित याचिका पर दिए।

अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने स्वयं यह फीस वापस लेने के लिए आवेदन कर रखा है। ऐसे में मामले को

■ **अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने छात्रसंघ चुनाव की फीस वापस लेने के लिए कर रखा है आवेदन, इसलिए जनहित याचिका के तौर पर नहीं कर सकते सुनवाई**

जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता। अदालत ने इसे जनहित याचिका के रूप में रद्द कर सामान्य याचिका के तौर पर संबंधित एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने को कहा है।

जनहित याचिका में कहा गया था कि राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक छात्र से विभिन्न मदों में फीस वसूली जाती है। इनमें से एक मद छात्रसंघ चुनाव का भी है। प्रत्येक छात्र से 145 रुपए छात्रसंघ चुनाव और 110 रुपए मेंबरशिप फीस के नाम से लेते हुए कुल 255 रुपए वसूले गए हैं। यदि सभी छात्रों की बात की जाए तो करीब 63 लाख रुपए से अधिक की राशि इस मद में वसूली गई है। लेकिन छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। याचिका में गुहार की गई कि या तो विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दिए जाएं या छात्रों से वसूली फीस वापस लौटाने को कहा जाए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने स्वयं फीस लौटाने का आवेदन कर रखा है। इसलिए मामले को जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता।

खोया पाया

मकान नंबर 68/419 का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं भौतिक कब्जा कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। हुकम चन्द जैन-9001464644

नाम परिवर्तन

मैं अपना नाम अश्वनी कुमार टेकचंदानी से बदलकर अश्वनी टेकचंदानी पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार टेकचंदानी निवासी 45/156 किरण पथ, मोती पथ, मानसरोवर जयपुर रख रहा हूँ भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना पहिचाना जावें।

मैं दिव्य कुमार काबरा पुत्र श्री जयप्रकाश काबरा निवासी बी-5 शिवाजी गोदारा कॉलोनी, खातीपुरा रोड, झोटवाडा ने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम दिव्य कुमार जयप्रकाश काबरा से बदलकर दिव्य कुमार काबरा कर लिया है।

मैं संदीप कुमार पुत्र श्री रणवीर सिंह निवासी 31 फेज-।। सुशांत सिटी-।।, कालवाड़ रोड जयपुर ने अपना नाम भविष्य के उद्देश्यों के लिए संदीप पूनिया में बदल लिया है।

I, Prem Singh R/o Shilp Colony, Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur. I have changed my son's name from Priyanshu Singh to Priyaanshu Singh. In future known as Priyaanshu Singh.

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी बैठक

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर कार्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान की तैयारीयों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशवासी बड़े जोश और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान में पिछले दो वर्ष से भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 112 वें संस्करण में इस वर्ष भी पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान बनाने का आव्हान किया है। हमारे प्रधानमंत्री जिस अभियान की शुरुआत करते हैं, वह एक उत्सव का रूप ले लेता है। इस अभियान की रूपरेखा बताते हुए बोहरा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11,12,13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका रहेगी मंडल स्तर पर भी इस अभियान की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी स्वतंत्रता सेनानियों एवं युद्ध स्मारकों पर पुष्पांजलि एवं स्वच्छता का कार्यक्रम करेगी।

युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

जयपुर, (का.प्र.)। भारतीय युवा कांग्रेस के 64वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को राजस्थान युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष यशवीर शूरा ने ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया।

ध्वजारोहण के बाद पीसीसी में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के वचन की "जहां स्वच्छता है ,वहा ईश्वर निवास करते है" ध्येय हो आगे बढ़ाते हुए स्थानीय सफाई कर्मचारियो का सम्मान किया गया। साथ ही प्रकृति संरक्षण के लिए राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान "एक पेड़ भारत के भविष्य के लिए" मुहीम के तहत वृक्षारोपण किया गया।

बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो : विश्व हिंदू परिषद्

जयपुर। आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद् राजस्थान के क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय ने कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश हिंसा और अराजकता से ग्रसित है। निर्वाचित प्रधानमंत्री के त्यागपत्र देने और देश छोड़ने के बाद अराजक तत्व हावी हो गए हैं और कानून व्यवस्था सर्वथा निष्प्रभावी हो चुकी है। इस अराजक स्थिति में वहाँ के आतंकवादी जिहादी तत्वों ने हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया है।

सुरेश उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से हिन्दू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। पूरे बांग्लादेश में हर जिले में यह वीभत्स कुकृत्य होने की सूचना है। कट्टरपंथियों के निशाने से शमशान तक नहीं बचे हैं। मंदिरों को भारी क्षति पहुंचाई गयी है। बांग्लादेश में शायद ही कोई जिला बचा हो जो इनकी हिंसा व आतंक का निशाना न बना हो। समय समय पर निरंतर अंतराल पर होने वाले ऐसे दंगों का ही परिणाम है कि बांग्लादेश में हिंदू जो विभाजन के समय 32 थे, अब 8 से भी कम बचे हैं और वे भी लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के घर, मकान, दुकान, ऑफिस, व्यवसायिक प्रतिष्ठान व महिलाएं, बच्चे व उनकी आस्था व विश्वास के केंद्र मन्दिर तक सुरक्षित नहीं हैं।

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ.55()वि.जोन/न.नि.ज.(ग्रे)/2024/1315

सार्वजनिक सूचना दिनांक- 05.08.2024

भूखण्ड सं. 130 श्री नारायणपूरी झोटवाडा, जयपुर (गुलाबवाडी गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री रामकरण दान पुत्र श्री हजारी दान के पक्ष में क्षेत्रफल 175.00 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटी की मृत्यु उपरान्त पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री ताज मोहम्मद साविर चौहान पुत्र श्री साविर चौहान व मोहम्मद नदीम भाटी पुत्र श्री मोहम्मद असलम भाटी ने भूखण्ड सं. 130 श्री नारायणपूरी झोटवाडा, जयपुर (गुलाबवाडी गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ.55()वि.जोन/न.नि.ज.(ग्रे)/2024/1314

सार्वजनिक सूचना दिनांक- 05.08.2024

भूखण्ड सं. 255, संजय नगर-बी, झोटवाडा, जयपुर (नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री रामसिंह पुत्र श्री रघुवर दयाल के पक्ष में क्षेत्रफल 416.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री मोहम्मद सलीम पुत्र श्री घासी खान ने भूखण्ड सं. 255, संजय नगर-बी, झोटवाडा, जयपुर (नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकाम सांभरलेक
छीतर खां बनाम लालू कुम्हार व अन्य
दावा बाबत स्थायी निषेधाज्ञा व तुडवाये जाने अनाधिकृत निर्माण व दिलाये जाने कब्जा
मुकदमा नंबर- 49/13

बनाम मुसम्मी शिमला पुत्री स्व. लालू कुम्हार पत्नि रमेश कुम्हार कौम कुम्हार साकिन रावण गेट परगना जयपुर (राज.)

चूंकि छीतर खां ने इस अदालत में तारीख..माह..सन.. को छीतर खां बनाम लालू कुम्हार व अन्य दायर की जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि लालू कुम्हार मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी लालू कुम्हार मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है व बजाय उसके आप कायमुकाम बनाए जाए।

लिहाजा नजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही तारीख 12 माह 8 सन 2024 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 06.08.2024 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-प्रस्तुतकार
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सांभर लेक जिला जयपुर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकाम सांभरलेक
छीतर खां बनाम लालू कुम्हार व अन्य
दावा बाबत स्थायी निषेधाज्ञा व तुडवाये जाने अनाधिकृत निर्माण व दिलाये जाने कब्जा
मुकदमा नंबर- 49/13

बनाम मुसम्मी विमला पुत्री स्व. लालू कुम्हार पत्नि गणेश कुम्हार कौम कुम्हार साकिन छोटा बाजार परगना सांभरलेक (राज.)

चूंकि छीतर खां ने इस अदालत में तारीख..माह..सन.. को छीतर खां बनाम लालू कुम्हार व अन्य दायर की जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि लालू कुम्हार मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी लालू कुम्हार मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है व बजाय उसके आप कायमुकाम बनाए जाए।

लिहाजा नजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही तारीख 12 माह 8 सन 2024 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 06.08.2024 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-प्रस्तुतकार
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सांभर लेक जिला जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 25/2024
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री अनिल चौधरी ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर श्री दाऊजी महाराज गटरू-मटरू ट्रस्ट, बजाजा बजार, अलवर के प्रन्यासियों में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 06.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 10.09.2024

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

खाद्य सुरक्षा कानून में पुलिस को कार्रवाई का अधिकार नहीं : कोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम एक विशेष कानून है। इस कानून और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार पुलिस को प्रकरण में कार्रवाई करने का प्रथम दृष्टया कोई अधिकार ही नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में मिलावट के आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ दिया है। जस्टिस शुभा मेहता की एकलपीठ ने यह आदेश साहब सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि उसके खिलाफ धौलपुर की राजाखेड़ा थाना पुलिस ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम और आईपीसी की विभिन्न आधारों में एफआईआर दर्ज की थी। याचिका में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम एक विशेष कानून है।

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(ऑर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम 4 जयपुर जिला
पूनम बत्रा बनाम देवराज व अन्य
दावा बाबत दावा
मुकदमा 93/18 सन्

बनाम: 1. मुसम्मी सागर वल्द स्व. देवराज कौम..... साकिन 9, शिव कॉलोनी, बजरंग दास जी की बगीची, झोटवाडा, जयपुर
2. रिंकू वल्द स्व. देवराज कौम..... साकिन 9, शिव कॉलोनी, बजरंग दास की बगीची, झोटवाडा, जयपुर, चूंकि पूनम बत्रा ने इस अदालत में तारीख.....माह ....सन् 20.... को 1. पूनम बत्रा बनाम 2. देवराज व अन्य दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि ..... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी ..... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3.... बनाये जावें। लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1.... आपको तारीख 12 माह 8 सन् 24 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा

अतिक्रमण हटवाने की मांग

नवाई/गुंसी । ग्राम पंचायत गुंसी के ग्रामीणों ने सरपंच सुनिता देवी के नेतृत्व में गांव के मॉडल तालाब के ओवर फ्लो के पानी की निकासी पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर के नाम गिरदावर श्योपाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है।

पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, महेश सैनी, शिवराज मीणा, पप्पूलाल, सुनील सैनी, राजेश मीणा, रामफूल, नाथू लाल सैनी एवं बाबू लाल सैनी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य तालाब के ओवरफ्लो पानी की निकासी को कुछ प्रभावशाली लोगों ने पक्का निर्माण कर अवरुद्ध कर दिया है ।

उन्होंने बताया कि समय रहते निकासी मार्ग को खुलासा नहीं करवाया गया तो तालाब कभी भी टूट सकता है जिससे काफी जन धन की हानि हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से ओवरफ्लो पानी की निकासी का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है।

नरेगा श्रमिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली

अलवर । जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत जिले में 11 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। दूसरी ओर नरेगा श्रमिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान श्रमिकों को तिरंगा शपथ भी दिलाई गई।

जिला कलक्टर ने बताया कि 11 अगस्त को जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग से मिनी सचिवालय तक कार व बाइक रैली आयोजित होगी तथा सभी पंचायत समितियों एवं नगर निकायों में बाईक, कार, टैक्टर के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर हर घर तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इसी प्रकार 12 अगस्त को जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक एवं ब्लॉक स्तर पर सभी उपखण्ड क्षेत्रों में हर घर तिरंगा रन/मैराथन का आयोजन किया जाएगा एवं जिले के समस्त ओद्योगिक इकाईयों में श्रमिकों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम एवं तिरंगा शपथ का आयोजन करवाया जाएगा। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय से एसएमडी विद्यालय तक एवं जिले सभी उपखण्ड क्षेत्रों में स्थित राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर हर घर तिरंगा रैली व हर घर तिरंगा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। साथ ही जिले की समस्त पंचायत समितियों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में तिरंगा रंगों के साथ रंगोली बनाया जाना व महिला हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन कराया जाएगा। 14 अगस्त को जिला मुख्यालय पर प्रताप ऑडिटोरियम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा मेला व सास्कृतिक कार्यक्रम एवं तिरंगा सेल्फी तथा तिरंगा कैनवास अभियान आयोजित किया जाएगा एवं जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में तिरंगा शपथ व तिरंगा सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित होगी। 15 अगस्त को जिला मुख्यालय इंदिरा गांधी स्टेडियम में एवं सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर स्वतंत्राता दिवस समारोह में तिरंगा सेल्फी एवं तिरंगा कैनवास अभियान तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत मेले का आयोजन होगा। उन्होंने समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन करवाया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही जिला मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में 12 अगस्त से 15 अगस्त तक नियमानुसार प्रतिदिन तिरंगा ध्वजारोहण किया जाकर प्रति दिवस की गरिमापूर्ण फोटो पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

मनरेगा स्थल पर श्रमिकों ने तिरंगा रैली निकाली ।

नरेगा श्रमिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा : जिला परिषद की सीईओ सुश्री प्रतिभा वर्मा ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत पंचायती राज विभाग द्वारा मनरेगा स्थलों पर गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आज नरेगा कार्य स्थलों पर नरेगा श्रमिकों द्वारा उत्साह के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान श्रमिकों को तिरंगा शपथ भी दिलाई गई।

पानी की अच्छी आवक से बघोला बांध लबालब

राजगढ़ के पास बघोल बांध सहित अन्य तालाबों में पानी की आवक से भर गये ।

राजगढ़ । कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बारिश से जल स्त्रोतों में पानी आने से लोगों की भारी भीड उमडी। पर्यटक स्थल झरना एवं बघोला बांध सहित अन्य जगह लोगों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई। शुक्रवार को सुबह 8 बजे तक 46 मिली मीटर बरसात रिकार्ड की गई। कस्बे के पर्यटक स्थल झरना पानी से भर जाने के कारण कभी भी ओवरफ्लो हो सकता है। इधर कस्बे के बाघोला बांध के पानी के भराव क्षेत्र में तमाम एनीकट पानी से भर जाने के कारण उन पर चादर चलने के बाद पानी ऐतिहासिक बघोला बांध में आने की संभावना बन गई है। इस बांध में दशकों के बाद पानी आने की संभावना से ही लोगों में खुशी है। इधर पर्यटक स्थलझरना, अलिबा धाम एवं अन्य स्थानों पर मौसम के सुहावना हो जाने के कारण लोगों की आवाजाही बढ़ गई है।

15 अगस्त तक होंगे अलग-अलग कार्यक्रम

किशनगढ़ बास। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल बने और गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए किशनगढ़ बास सहित जिले के सभी उपखंड, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। किशनगढ़ बास में एसडीएम मूलचंद लूणिया थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इसी प्रकार अभियान के तहत उपखंड, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तिरंगा यात्रा, तिरंगा प्लेज का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में अधिकारी-कर्मचारी, बच्चों, आमजन एवं विभिन्न विभागों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। एसडीएम ने बताया मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड़ तक तिरंगा अपनी शान में लहराए, इस हेतु 15 अगस्त तक इस अभियान का आयोजन किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये जिले में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेले आयोजित किए जाएंगे।

भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकाली

- शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर सभा का आयोजन किया

कोटपूतली । अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार क्रांन्ति दिवस पर कांग्रेस सेवा दल कार्यकर्ताओं द्वारा भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर सभा का आयोजन किया गया।

वहीं पंचायत समिति में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम् से कार्यक्रम का शुभारम्भ कर झण्डारोहण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अविकुल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने की। मोरीजावाला धर्मशाला से पंचायत समिति तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस दौरान कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, अमरसिंह सैनी, हनुमान सैनी, वीके नवल, पंसस कमल मीणा, सरदाराम यादव, पूर्व सरपंच ब्रह्मप्रकाश धनकड, युवा नेता प्रदीप गुर्जर, पूर्व पार्षद तारा पूतली, केएम बंसल, डॉ. अभिलाष मीणा, सुभाष मीणा, राजेश कुमार मीणा, पदम सिंह, महेंद्र मीणा, रामप्रसाद मीणा, संदीप मीणा, ओमप्रकाश सैनी, पवन स्वामी, कांति यादव, मोहन यादव, सुरेश यादव, धोलाराम हवलदार, हरिराम यादव, महेश यादव समेत बड़ी संख्या में काग्रकर्ता मौजूद रहे।

6 की बजाय 2 चिकित्सक कार्यरत

टोंक। टोंक खण्ड के के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छान में चिकित्सकों का टोटा होने के कारण छान समेत 5 पंचायत के लोगों तथा अध्ययनरत लगभग 20 हजार विद्यार्थियों को इलाज में परेशानी का सामना करना पड रहा है। समाजसेवी आशाराम जाट एवं वार्ड पंच हीरालाल सैनी ने बताया कि महिला चिकित्सक का पद रिक्त होने की वजह से महिलाओं के प्रसव संबंधी मामले टोंक रैफर किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में नवोदय विद्यालय समेत 5 दर्जन छात्रावास एवं 10 स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, गौरतलब है कि छान में आस पास की 5 पंचायतों भरनी, सांखना, ताखोली, दाखिया एवं मोर के मरीज भी इलाज कराने आते हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ के अभाव की वजह से अभिभावक अपने बच्चों को टोंक लेकर भागने को मजबूर है। 5 करोड़ की लागत से निर्मित छान अस्पताल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

गोपालजी महाराज की पदयात्रा रवाना

निवाई । गांव यादव गोपालपुरा में शुक्रवार को विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ गोपालजी महाराज झिलाय के लिए तीसरी पदयात्रा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ रवाना हुई। पदयात्रा को विधायक रामसहाय वर्मा ने यात्रियों का अभिनन्दन करते हुए ध्वज पताका का पूजन करके रवाना किया। यादव गोपालपुरा से गोपालजी का मंदिर झिलाय के लिए पदयात्री एकत्रित होकर जयकारों के साथ सुबह 8 बजे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा का श्रद्धालूओं ने भव्य स्वागत किया। विधायक वर्मा ने पदयात्रा की मंगलकामना करते हुए ध्वज पताका के साथ रवाना किया। समिति अध्यक्ष एडवोकेट बनवारीलाल यादव ने बताया कि पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ संजीवन झांकी के रूप में रवाना होकर गोपाल जी का मंदिर झिलाय पहुंची। इससे पूर्व यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं जलपान कराकर स्वागत किया। पदयात्रा में श्रद्धालूओं डीजे के मधुर भजनों पर जमकर भक्तिनृत्य किया। पदयात्रियों ने क्षेत्र में सुख शांति एवं खुशहाली के लिए मन्नते मांगी। वही शाम को महाआरती के साथ भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

डिग्गी लक्खी मेला को देखते हुए शांति समिति की बैठक हुई

टोंक। पंचायत समिति मालपुरा के राजीव गांधी सभागार में शुक्रवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा व पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने संयुक्त रूप से 59 वीं डिग्गी लक्खी मेला व मालपुरा में आने वाली कांवड यात्रा सहित आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों में शांति व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर शांति समिति की बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि 11 अगस्त को जयपुर से 59 वीं लक्खी पदयात्रा रवाना होगी। जिसमें लाखों की संख्या में पदयात्री श्री कल्याण जी के दर्शनों के लिए आएंगे। पदयात्रा 11 से 15 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान डिग्गी आने वाले सभी पदयात्रियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों सहित आमजन की भी है।

जिला कलेक्टर ने मालपुरा में 12 अगस्त को आने वाली कांवड यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर शांति समिति के सदस्यों से सुझाव मांगे। जिस पर शांति समिति के सदस्यों ने कांवड यात्रा को लेकर अपने-अपने सुझाव देते हुए प्रशासन की ओर से लिए जाने वाले निर्णय में अपना सहयोग देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यात्राओं को लेकर आमजन को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बैठक में सदस्यों ने डिग्गी कल्याण यात्रा के दौरान पार्किंग व्यवस्था, चांदसेन बांध पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था, जल भराव वाले स्थानों एवं रपटों पर चेतावनी बोर्ड, अतिक्रमण, जंगल कटाई के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। मालपुरा के बृजलालनगर क्षेत्र, बस स्टैंड क्षेत्र, महावीर मार्ग, जनता कॉलोनी में बरसात के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था करवाने की मांग की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक सुरेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीसलपुर पुनर्वास व डिग्गी मेला प्रभारी हरिताभ आदित्य, जिला परिषद की सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, कार्यवाहक एसडीएम कपिल शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र कुमार, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, डिग्गी थाना प्रभारी कप्तान सिंह, शेरसिंह, एडवोकेट रघुवीर, त्रिलोक, नजरूद्दीन सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

जल धारा से शिव की आराधना

फुलेरा । श्रावण मास में बाबा भोलेनाथ को रिझाने के लिए भक्तगण जगह जगह धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर रहे है। तो कही भक्तगण कांवड लेकर आ रहे है, इसी तरह कहीं पर भक्तगण जल धारा कर शिवलिंग की पूजा अर्चना कर रहे है। इसी क्रम में क्षेत्र के निकटवर्ती ठाम पंचायत काचरोदा में स्थित शिवालय परिसर पर शुक्रवार को नाग पंचमी के दिन जल धारा का कार्यक्रम पण्डित सतीश कुमार शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए पण्डित जितेन्द्र कुमार सिंवाल ने बताया कि श्रावण मास भोलेनाथ का महीना है। हिन्दू धर्म में शिवलिंग की पूजा करना श्रेष्ठ माना जाता है। इसके लिए पंचायत के निकट स्थित शिवालय परिसर में धर्म प्रेमियों के द्वारा जल धारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मन्दिर परिसर का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई और भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को नाना द्रव्यों से स्नान करवाया गया। साथ ही पुजारी ब्रह्म दत्त शर्मा ने बताया कि ॐ श्री शिवाय नामस्तुभ्यम का जाप कर एक हजार घडे शिव लिंग पर भक्तो के द्वारा चढाए गए। इसको लेकर पण्डित अरविन्द शर्मा ने बताया कि एक घड़ा जल सभी समस्याओं का हल है। प्रत्येक सनातनी को भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाते समय इसका जाप करना चाहिए।

फुलेरा में मीणा समाज ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया

फुलेरा । कस्बे के रेल परिसर स्थित ऑल इण्डिया रेलवे एस.सी, एस.टी. कार्यालय पर शुक्रवार को दोपहर 1:15 बजे मीणा समाज के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस रामजीलाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा रहे, तो वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रेमचन्द वर्मा, मीणा समाज फुलेरा तहसील अध्यक्ष एवं पार्षद प्रमोद मीणा, सीएलआई रमेश चन्द मुन्ना लाल मीणा आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा, महात्मा बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले, डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात फुलेरा एसी,एटी एसोसिएशन एवं मीणा समाज तहसील उपाध्यक्ष एच.के. मीणा, लालचन्द मीणा सहित अन्य लोगों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाबूलाल मीणा ने कहा कि राजस्थान की गत सरकार द्वारा प्रयास किया गया कि विश्व आदिवासी दिवस पर समाज को अधिक सम्मान मिले। इसके लिए 9 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। इसी क्रम में आगे बताया कि पहला राज्य स्तरीय समारोह बांसवाडा जिले के मानगढ धाम पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। इसके साथ ही अध्यक्ष एच.के. मीणा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आदिवासी शब्द आदि और वासी दो शब्दो से मिलकर बना होता है। जिसका अर्थ है आदिकाल से इस देश में निवास करने वाले, अर्थात मूल रूप से भारत में रहने वाले लोग। इसके अलावा पार्षद प्रमोद मीणा ने कहा कि बिरसा मुण्डा ने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंस में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आन्दोलन का नेतृत्व किया था। जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरतीबा के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन बाबूलाल मीणा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर लाट साहब मीणा, उम्मेद सिंह, लालचन्द मीणा, रमेश, गिर्राज, हेमराज, रामकेश, लक्ष्मीनारायण व महिलाओं व बच्चों सहित कई लोग उपस्थित रहें।

कलेक्टर व एस.पी. ने अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

कोटपूतली। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एसपी वंदिता राणा ने शुक्रवार को अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अतिवृष्टि के कारण पूतली कट के क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का मुआयना किया तथा ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए एनएचएआई के प्रतिनिधियों से मौके पर ही गड्ढों को भरवाने के लिए आवश्यक सामग्री मंगवाकर गड्ढों को भरवाया गया।

उन्होंने एनएचएआई प्रतिनिधियों से कहा कि भारी बारिश के कारण सर्विस रोड काफी जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिस कारण आये दिन जाम की स्थिति बन जाती है। इस बाबत उन्होंने कहा कि जहां-जहां पर भी बारिश के कारण सर्विस रोड क्षतिग्रस्त हुई है उन रोडों का शीघ्र मरम्मतीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही बारिश के मौसम के दौरान एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम निरंतर सर्विस रोड की पेट्रोलिंग कर बारिश से क्षतिग्रस्त हुई रोडों का बारिश के रुकते की तुरंत मरम्मतीकरण का कार्य करवाया जायें। जिला कलेक्टर व एसपी ने कस्बे के जल भराव वाले ईलाकों का दौरा किया। उन्होंने एसपी ऑफिस, लक्ष्मीनगर, ईटली जोहड सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया तथा नगर परिषद अधिकारियों को जल निकासी के लिए तुरंत व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन ईलाकों में नालों की सफाई नहीं करवाने के कारण जल भराव की स्थिति पैदा हुई है उन नालों को तुरंत साफ करवाया जायें। साथ ही निकाले गए कचरे को नजदीक में ना छोडकर उस कचरे का निस्तारण करवायें। उन्होंने कहा कि कस्बे के निचले ईलाकों में बसी हुई कॉलोनियों में जल निकासी के संबंध में विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने ईटली जोहड क्षेत्र के दौरे के दौरान नगर परिषद को जाम हुए जोहड को तुरन्त साफ कर बरसाती पानी को साहबी नदी क्षेत्र में निकासी करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरडक, एनएचएआई प्रतिनिधि तथा नगर परिषद के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एसपी वंदिता राणा ने शुक्रवार को अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

- कोटपूतली में रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या पर गडढों को भरवाया

कुएं में गिरने से महिला की मौत

निवाई । बरौनी थाना क्षेत्र के गांव अभयपुरा में कुए में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की कुए में गिरने की सूचना मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि खेत पर काम कर रही कमला देवी गुर्जर 56 वर्ष पत्नि सूरज गुर्जर निवासी अभयपुरा कुए में गिर गई है। उन्होंने ठाामीणों की मदद से महिला को कुए में ढूंढने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। कुए में पानी अधिक होने के कारण टीम ने पंप लगाकर पानी को बाहर निकलवाया।इसके बाद एसडीआरएफ के जवानों ने बडी मशक्कत के बाद कुएं से महिला को बाहर निकाला और राजकीय सामुदायिक अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

सार-समाचार

23 वें महायज्ञ की पूर्ण आहुति

पावटा । विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से बाबा बस्तीनाथ के सान्निध्य में पावटा कस्बा स्थित बालनाथ आश्रम बावडी में चल रहे वर्ष पर्यन्त 108 कुंडीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ में रविवार को 72 यज्ञों की श्रृंखला के 23 वें यज्ञ की पूर्णाहुति हुई जिसमें सभी यजमानों ने इस पांच दिवसीय यज्ञ में बडे ही ध्यान से पूजन और हवन का कर्म किया। जहां प्रकृति प्रकोप और महामारी और विश्व कल्याण की रक्षा हेतु भगवान महामृत्युंजय शिव नामावली के साथ आहुतियां दी गई साथ में बाबा श्री के द्वारा इस यज्ञ की पूर्णाहुति प्रधान कुंड पर यज्ञ संरक्षक महंत बस्तीनाथ के कर कमलो द्वारा हुई। बाबा श्री के भेंट के स्वरूप कई यजमानों ने दृव्यवसन का त्याग किया। इस दौरान महंत बस्तीनाथ ने कहां कि संत्वसर महायज्ञ सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय, जगत के सुख और हित को लेकर किया जा रहा है। विश्व व मानव शरीर के लिए कल्याणकारी हो इसी उद्देश्य से इस महामहामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वही उन्होंने माता -पिता और बुजुर्गों का समान करने की बात भी कहीं।

पवन कुमार सम्मानित

टोंक। अलीगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार जैन को राज्य स्तर पर अमृता देवी विश्नोई पुरूस्कार से सम्मानित किए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। वर्धमान स्थानकवासी पोरवाल जैन समाज की और से जैन स्थानक भवन में आयोजित समारोह में एएसपी पवन कुमार जैन का सम्मान किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में वन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर एएसपी पवन कुमार जैन को राज्य सरकार की और से किया गया है। उनके द्वारा कोटा शहर में 4 लाख वृक्ष लगाने पर यह सम्मान दिया गया है। इस दौरान एएसपी पवन कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष मानव जीवन को बचाने के लिए आवश्यक है। इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा करना चाहिए। इस दौरान पोरवाल जैन समाज के नागरिक व कस्बे के प्रबुद्ध उपस्थित रहे।

युवक एनीकट में डूबने से मौत

बौंली-बामनवास । क्षेत्र के पीपलदा व देवलदा गांव के मध्य एनीकट पर मछली पकड़ने गए एक युवक विष्णु कुमार बैरवा उम्र 35 वर्ष निवासी मंडावरी की गहरे पानी में चले जाने से डूबने पर मौत हो गई । पुलिस ने बौंली चिकित्सालय में मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह ने बताया कि करीब 5-6 युवक पीपलदा व देवलदा के मध्य एक एनीकट पर मछली पकड़ने गए थे जिसमें से एक युवक विष्णु कुमार बैरवा उम्र 35 वर्ष निवासी मंडावरी तहसील लालसोट गहरे पानी में चला गया जिसकी डूबने से मौत हो गई चश्मदीद चरवाहा व अन्य की सूचना पर बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एवं मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

छात्र 11 दिन से लापता

पावटा। घर से स्कूल जाने के लिए निकला छात्र सोमवार 29 जुलाई 2024 को लापता हो गया। माता मन्जो देवी पत्नी रामकरण राठी निवासी कैरली तन आंतेला ने प्रागपुरा थाने मे मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि पुत्र हिमांशु चौधरी पावटा के एक स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है। वह सोमवार 29 जुलाई 2024 को सुबह करीब 7.30 बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। हिमांशु चौधरी की उम्र 14 वर्ष, हाईट 5 फीट 6 इंच, रंग सांवला, बारीक पिन्ट रंग की शर्ट, जींस की पेंट, पैरो मे लाल व नीले रंग की चप्पल पहने हुए है। ज्यों कि 11 दिन से घर नही लौटा उसके वापस न आने पर स्वजन ने खोजबीन की तो कुछ पता नहीं चला। जिसे लेकर प्रागपुरा थाने मे गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मन्जो देवी पत्नी रामकरण राठी निवासी कैरली तन आंतेला ने सोमवार 29 जुलाई 2024 को थाने पर तहरीर दी है जिस पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच पडताल की जा रही है।

पूर्णाहुति में उमड़े श्रद्धालु

निवाई । कस्बे में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर श्री अंगीरा धाम में आचार्य पं. बसन्तं दाधीच केदारनाथ धाम झिराना के सानिध्य में चल रहे सप्त दिवसीय महामृत्युंजय सपादलक्ष जप अनुष्ठान की महाप्रसादी के साथ पूर्णाहुति हुई। आचार्य पं. बसन्तं दाधीच ने बताया कि अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर डॉ. केके विजय सपरिवार सभी देवी देवताओ की पूजा अर्चना करते हुए भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी व शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया तथा एक दिवसीय एक कुण्डात्मक यज्ञ हवन में विभिन्न देवी देवताओ की स्तुतियां करते हुए मंत्रोचार के साथ आहुतिया दी। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। अनुष्ठान के समापन पर महाआरती कर विप्र विदाई दी गई तथा महाभोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिवरतन दरगड, कमल दरगड, अनील शर्मा, राधेश्याम शर्मा, ओम विजयवर्गीय, पं. मुकेश दाधीच व पं. कृण्णावतार सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

अभियान के तहत 1001 पौधे लगाये

कोटपूतली। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की मोहनपुरा-जोधपुरा लाईमस्टोन माईन्स को हरा भरा रखने के उद्देश्य से हरियालो राजस्थान (एक पेड मां के नाम) अभियान के अन्तर्गत 1001 पौधे लगाये गये। सघन पौधारोपण कार्यक्रम में खान एवं भू विज्ञान विभाग के सहायक खनिज अभियंता अमीचंद्र दुहारिया, खनिज कार्यदेशक सोनू अवस्थी, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे, अविनाश चौधरी, जास्मीन भावसार, संदीप शर्मा, खान विभाग अध्यक्ष भूपेंद्र खोरपिया एवं खान प्रबंधक दुर्गेश मेनारिया सहित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे ने कहा कि खान एवं प्लांट परिसर को हरा भरा रखने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रमों की महत्ती भूमिका है।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक-न.पा.फु./2024-25/912 **विज्ञप्ति सूचना** दिनांक- 05.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने निर्माण ईजाजत/आज्ञा हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	स्थान	उपयोगार्थ	क्षेत्रफल
1	श्री राकेश कुमार मीणा पुत्र श्री रतन लाल मीणा	भूखण्ड सं. 28 न्यू सांभर रोड से जोबनेर रोड के बीच फुलेरा	निर्माण आज्ञा	200.00 वर्गगज

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कराये बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

सेन्ट्रल बोयलर्स बोर्ड

उद्योग एवं आन्तरिक व्यापार प्रोमोशन (डीपीआईआईटी) विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011

इन्सपेक्शन एवं सर्टिफिकेशन आफ बायलर्स-2024 के लिए योग्य व्यक्तियों की मान्यता के लिये सातवीं परीक्षा।

उपरोक्त परीक्षा 20 अक्टूबर 2024 को निर्धारित है। आन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिये अन्तिम तिथि 17 सितम्बर 2024 है। और विवरण के लिये कृपया वेबसाईट www.npcindia.gov.in पर जाये।

निदेशक-सीबीबी परीक्षा इकाई
डॉ. अम्बेडकर इन्सीट्यूट आफ प्रोडक्टीविटी
नेशनल प्रोडक्टिविटी काउन्सिल
6, आविन डेयरी रोड, अम्बतूर इण्डस्ट्रीयल एस्टेट उत्तर,
अम्बातूर चेन्नई-600 050
मोबाइल-91-

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से शिष्टाचार मुलाकात की। विधानसभा का सत्र समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से भेंट कर प्रदेश के कई मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सूचना आयुक्त एम.एल. लाठर, सूचना आयुक्त सुरेश चंद्र गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा ने भी राज्यपाल से मुलाकात की।

रूस पर यूक्रेन का भीषण हमला, 30 किलोमीटर अंदर तक घुसे

यूक्रेन की सेना ने रूस के 27 लड़ाकू ड्रोन्स मार गिराया है

- रूस ने यूक्रेनी सैनिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ को देखते हुए कुर्स्क क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा की है।
- रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यूक्रेन के दुस्साहसिक हमलों का जवाब देने के लिए कुर्स्क क्षेत्र में अतिरिक्त बलों को भेजा जा रहा है।

नई दिल्ली, 9 अगस्त। रूस-यूक्रेन जंग भीषण मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेन के करीब 1000 सैनिक धावा बोलते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार कर रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुस गए हैं। इसके अलावा यूक्रेनी सेना ने रूस की ओर से छोड़े गये सभी 27 लड़ाकू ड्रोनों को मार गिराया है। यूक्रेनी वायु सेना ने शुक्रवार को ये जानकारी दी है। इस बीच रूस ने यूक्रेनी सैनिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ को देखते हुए कुर्स्क क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा की है।

चार दिन पहले सैकड़ों यूक्रेनी सैनिकों ने सीमा पार से हमला किया था, जो यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी धरती पर कीव का सबसे बड़ा हमला है।

इस बीच, रूसी अधिकारियों ने कहा कि रूसी विमान द्वारा दागी गई एक मिसाइल दिन में एक यूक्रेनी शॉपिंग मॉल पर गिरी है, जिसमें कम से कम 11 लोग मारे गए हैं और 44 अन्य घायल हुए हैं। यह मिसाइल यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में कोस्टियनटिनिव्का के रिहायशी इलाके में स्थित एक मॉल पर गिरी थी। पिछले साल सितंबर में भी एक रूसी मिसाइल ने वहां एक बाहरी बाजार को निशाना बनाया था, जिसमें 17 लोग मारे गए थे।

उधर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यूक्रेन के दुस्साहसिक हमलों का जवाब देने के लिए कुर्स्क क्षेत्र में अतिरिक्त बलों को भेजा जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के हवाले से समाचार एजेंसी आरआईए-नोवोस्ती ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में रूस कई रॉकेट लांचर, टो किए गए आर्टिलरी गन, ट्रेलरों पर ले जाए जाने वाले टैंक और भारी ट्रैक वाले वाहन तैनात कर रहा है।

कुर्स्क के कार्यवाहक गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने टेलीग्राम पर कहा, "कुर्स्क क्षेत्र में हालात कठिन बने हुए हैं।" रूसी रक्षा मंत्रालय ने सीमा से लगभग 10 किलोमीटर (6 मील) दूर सुदज़ा के पश्चिमी बाहरी इलाके में भीषण लड़ाई की पुष्टि की है। इस शहर में प्राकृतिक गैस की एक महत्वपूर्ण पाइपलाइन केंद्र है।

दूसरी तरफ, यूक्रेनी अधिकारियों ने इस घुसपैठ के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है, जो मॉस्को से लगभग 500 किलोमीटर (320 मील) दक्षिण-पश्चिम में हुई है लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के एक शीर्ष सलाहकार ने कहा है कि सीमा क्षेत्र पर हमले से रूस को यह एहसास होने लगा है कि युद्ध अब धीरे-धीरे रूसी क्षेत्र में घुसता जा रहा है। मायहेलो पोडोल्याक ने यह भी सुझाव दिया कि मॉस्को के साथ बातचीत की स्थिति में यह ऑपरेशन कीव की स्थिति को मजबूत बना रहा है।

बता दें कि रूस संघीय स्तर पर आपातकाल की घोषणा तब करता है जब 500 से अधिक लोग मारे जाते हैं या 500 मिलियन रूबल (लगभग 6 मिलियन) से अधिक का नुकसान होता है। कुर्स्क में छिड़ी लड़ाई ने रूसी मीडिया के साथ-साथ दुनियाभर की मीडिया का ध्यान खींचा है। रूस मीडिया में भी कुर्स्क की लड़ाई की खबरें छाई हुई हैं।

अब बैंक खाते में दर्ज करा सकेंगे चार नॉमिनी

नई दिल्ली, 9 अगस्त। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार (09 अगस्त) को लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया है। इस विधेयक में ऐसा प्रावधान किया गया है कि हरेक बैंक खाताधारक एक खाते के लिए चार 'नॉमिनी' तक दर्ज करा सकेगा। अभी तक एक बैंक खाते में एक ही नॉमिनी का उल्लेख करने का नियम है।

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार (09 अगस्त) को लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024, पेश किया है, जिसके तहत चार नॉमिनी रखने की सुविधा दी गई है।

अगर यह बिल संसद से पारित होता है तो अब नॉमिनी को बढ़ाकर चार तक किया जा सकता है। हालांकि, यह वैकल्पिक प्रावधान होगा। प्रस्तावित विधेयक में एक और बड़े बदलाव की बात कही गई है।

'शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंप दे भारत'

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने भारत को चेतावनी दी कि शेख हसीना की वजह से भारत और बांग्लादेश के आपसी रिश्ते खराब हो जायेंगे

ढाका, 9 अगस्त। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंध केवल अवामी लीग पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने भारत को चेताते हुए कहा कि हसीना को शरण देने से बांग्लादेश के लोग नाराज हैं। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण दिए जाने पर बांग्लादेश में 'प्रतिकूल प्रतिक्रियाएं आना स्वाभाविक' है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री खांडकर मुशर्रफ हुसैन ने बांग्लादेश के लिए भारत को 'बहुत महत्वपूर्ण' करार देते हुए कहा कि 'यह द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने का सही समय है'।

हुसैन ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई संदेश का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि भारत सरकार अब अवामी लीग और शेख हसीना को समर्थन देना जारी नहीं रखेगी, जिन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के बाद देश से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बीएनपी के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने भी ऐसी ही राय जताते हुए कहा कि बेहतर होता कि हसीना भारत नहीं भागतीं। उन्होंने कहा, "बेहतर होता कि वह भारत नहीं भागतीं, क्योंकि हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। बांग्लादेश और इसके लोग भारत को दोस्त की तरह मानते और देखते हैं।"

उन्होंने हालांकि रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक भारत का अधिकार है कि वह जिसे चाहे उसे शरण दे सकता है। हुसैन ने कहा, "शेख हसीना के भारत में शरण लेने का असर बिल्कुल स्वाभाविक है। उदाहरण के लिए, यदि मैं आपको पसंद नहीं करता हूं और कोई अन्य व्यक्ति आपका समर्थन कर रहा है तो स्वाभाविक रूप से मुझे वह व्यक्ति पसंद नहीं आएगा। प्रतिकूल प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है। लेकिन तथ्य यह है कि भारत-बांग्लादेश के बीच हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं, भले ही अवामी लीग सत्ता में हो या शेख हसीना।"

उन्होंने कहा, "जब बीएनपी सत्ता में थी, मैं बांग्लादेश सरकार में मंत्री था। हमने देखा कि दोनों देशों के बीच शानदार संबंध रहे। भारत, बांग्लादेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत ने हमेशा बांग्लादेश के लोगों का समर्थन किया है। दोनों देशों के बीच अच्छे द्विपक्षीय संबंध बने रहेंगे।" सतहत्तर वर्षीय नेता ने कहा कि बांग्लादेश के लोग उम्मीद करते हैं कि भारत सरकार अवामी लीग जैसे भ्रष्ट और तानाशाहीपूर्ण शासन का हमेशा समर्थन नहीं करेगी।

शादी का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि पीड़िता ने 7 फरवरी, 2023 को सुभाष चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि अभियुक्त 26 अक्टूबर, 2022 को उसे बहला-फुसलाकर अपने गांव ले गया। जहां उसने उसके साथ 21 दिनों तक कई बार संबंध बनाए। इस दौरान उसकी बेंगलुरु स्थित कंपनी में नौकरी लग गई, तब अभियुक्त उसे अपने परिजनों के पास गांव छोड़कर अकेला बेंगलुरु चला गया।

जब पीड़िता ने उससे शादी करने का दबाव डाला तो अभियुक्त ने इन्कार कर दिया। दूसरी ओर अभियुक्त के परिजन भी उसे प्रताड़ित करते थे।

इसलिए पीड़िता वापस आ गई। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को 09 मार्च, 2023 को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

शेख हसीना, वापस बांग्लादेश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस बार यदि शेख हसीना बांग्लादेश लौटती हैं तो उन्हें बांग्लादेश की सेना के आतंकी संगठनों से मिले समूहों से स्वयं की रक्षा के लिए बाहर के देशों, संभवत: भारत से सुरक्षा ब्यौरा लेना होगा।

हालांकि, शेख हसीना की भारत में मौजूदगी के चलते बांग्लादेश की नई सरकार भारत के साथ तुरन्त कोई बातचीत करने से परहेज करेगी। इसके अलावा सेना भी शेख हसीना को पसन्द करती नहीं लगती है। हसीना की भारत में मौजूदगी के दौरान मोहम्मद युनुस की वर्तमान सरकार भारत से बातचीत शुरू नहीं करेगी। भारत की स्थिति दुविधापूर्ण है। भारत हसीना को तुरन्त प्रभाव से नहीं त्याग सकता क्योंकि वह अपने पूरे कार्यकाल के दौरान भारत की मिल रही हैं। खासतौर पर, प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके संबंध अच्छे रहे, अत: मुश्किल की इस घड़ी में उनका साथ छोड़ना बेहद असावधानीपूर्ण होगा। ऐसा होने पर भारत को एक भरोसे का मित्र नहीं माना जाएगा और चुनौतियों के आगे कूटनीतिक रूप से कमजोर भी माना जाएगा। आखिरकार, यह विश्वास करने के स्पष्ट कारण है कि वह तख्तापलट बांग्लादेश के भीतर मौजूद चरमपंथी संगठनों ने पाकिस्तान के सम्पर्कों की मदद से किया है। इन चरमपंथियों ने हिंसा फैलाई और पुलिसकर्मियों तथा आमजन पर तालिबान जैसे हमले बोले। इन्होंने अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय और उसकी सम्पत्तियों पर लगातार निशाना साधा। ऐसा लगता है कि अपदस्थ नेता और उनकी पार्टी एक आगे बढ़ते देश का बैस्ट इंश्योरेंस थी, क्योंकि वह अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकार व स्वतंत्रता को को सुनिश्चित करना चाहती थीं। अवामी लीग बांग्लादेश की एक सुस्थापित राजनीतिक पार्टी है तथा उसका आधारभूत संगठन हसीना के तख्तापलट के बाद तुरन्त प्रभाव से कमज़ोर नहीं पड़ा है। अब यह समय पर है कि ये स्लीपर सैल्स समर्थन का थोड़ा सा संकेत मिलते ही पुन: वही हरकत करने लगेंगे? लगता है कि इसकी प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

'बेल मिलना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पहले से ही जांच एजेंसियों के पास है।

कोर्ट ने यद्यपि सिसोदिया पर कुछ शर्तें लगाई है जैसे पासपोर्ट सरैंडर करना और हर सोमवार को जांच अधिकारी के पास हाजिरी लगाना। कोर्ट ने सिसोदिया को चेतावनी दी अगर उन्होंने सबूतों से छेड़छाड़ की तो उन्हें फिर से जेल भेजा जा सकता है।

क्या इंदिरा जी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इंदिरा गांधी ने 'मुक्ति वाहिनी' के लड़ाकों को भारत में ट्रेनिंग तथा उन्हें हथियार देकर, बाँग्लादेश के स्वतन्त्रता सेनानियों को बहुत बड़ी ताकत और ऊर्जा दी।

उन्होंने शेख मुजीबुर्रहमान की अन्तरिम सरकार को अपना कार्यालय कोलकाता में स्थापित करने की अनुमति दी तथा एक राष्ट्र के रूप में बाँग्लादेश के उदय पर वैश्विक नेताओं का समर्थन एकत्रित करने की भी व्यवस्था की।

लेकिन, इस पूरे प्रकरण में इंदिरा गांधी की भूमिका एक बार फिर जबरदस्त बहस का मुद्दा बन गई है। 'एक्स' यूज़र मोहित शर्मा ने कहा, "इंदिरा गांधी ने बहुत बड़ी गलती की थी, क्योंकि उन्होंने सैनिक, युद्ध के साज-सामान, अर्थव्यवस्था सबका नुकसान किया, लेकिन उन्होंने बदले में उन्हें कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने लाखों अवैध शरणार्थियों को आने दिया, लेकिन उस विजय में भारत के हिस्से को लेकर कोई मोल-तोल नहीं किया।"

विपक्ष ने राज्यसभा के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

धनखड़ के काम करने का सामान्य तौर तरीका है, उन्होंने जया बच्चन को बोलने की अनुमति नहीं दी।

विपक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में वाक आउट कर गया तथा चार बार सांसद रह चुकी जया बच्चन के पक्ष में एक जुट हो गया। ज्ञातव्य है कि वे एक वरिष्ठ अभिनेत्री भी हैं।

इसके साथ ही कांग्रेस ने राजस्थान के वरिष्ठ भाजपा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के व्यवहार को लेकर भी आपत्ति उठाई क्योंकि तिवाड़ी ने खड़गे पर कटाक्ष किया था। लेकिन तिवाड़ी ने व्यक्तिगत स्तर पर खड़गे से कहा कि वे (तिवाड़ी) माफी माँगने को तैयार हैं। लेकिन जब कांग्रेस ने कहा कि यह मुद्दे का स्पष्टीकरण तो सदन के पटल पर ही लिया जायेगा, तो सभापति ने एक बार फिर, इसमें भी आपत्ति दर्शाई।

जगदीप धनखड़ अपने आसन से आर.एस.एस. का गुणगान करते आ रहे हैं तथा वे अपने भाषण में भी कहते रहते हैं कि राष्ट्रनिर्माण में आर.एस.एस. की महती भूमिका रही है तथा मूलभूत बात यह है कि वे विपक्षी सांसदों को बोलने की अनुमति नहीं दे रहे।

अब उग्रता एवं क्रोध अपने चरम पर पहुँच चुके हैं तथा विपक्ष अब धनखड़ को बर्दाश्त करने की मन: स्थिति में नहीं है।

दुख की बात यह है कि मोदी सरकार इस पूरे खेल का मजा ले रही है तथा वह सभापति को यह कहने के मूड में ही दिखाई नहीं दे रही कि उन्हें कहाँ रूक जाना चाहिए।

वरिष्ठ मंत्री नड्डा ने विपक्ष के खिलाफ एक निन्दा प्रस्ताव पेश किया है, जो इस तथ्य का सूचक है कि प्रधानमंत्री तथा उनके वरिष्ठ मंत्रीगणों का सभापति को रोकने का कोई इरादा नहीं है, जो कि देश के उपराष्ट्रपति भी हैं।

कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सभा के सभापति की कार्यवाहियाँ लोकतंत्र की हत्या के समकक्ष हैं तथा वह उन्हें बर्दाश्त नहीं करेगी।

'क्या आप ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अनुमति दे दी जाएगी, उम्मीद है कि आदेश का दुरुपयोग नहीं होगा।"

कोर्ट ने पूछा कि क्या आप लड़कियों के तिलक या बिंदी लगाने पर भी रोक लगाएंगे। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं का क्या पहनना है क्या नहीं, यह हिदायत देकर आप उनका सशक्तिकरण करेंगे। महिलाओं को पसंद कहा है। अचानक आपको पता लगा है कि वे क्या पहन रही हैं। इन लड़कियों ने बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था।

अमन सहरावत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आज यहां हुये मुकाबले में अमन ने पहले दौर में शानदार दांवपेच लगाते हुए करीबी मुकाबले के बाद 6-4 की बढ़त बनाई। इसके बाद दूसरे दौर में भारतीय पहलवान ने क्रूज को सात अंकों से हराकर मैट पर अपना दबदबा बनाए रखा।

इससे पहले अमन को सेमीफाइनल मुकाबले में जापान के पहलवान से हार का सामना करना पड़ा था। अमन ने विश्व चैंपियन अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव को तकनीकी श्रेष्ठता 12-0 के आधार पर हराकर पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमन की यह लगातार दूसरी जीत थी। उत्तरी मैसेडोनिया के यूरोपीय चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता व्लादिमीर इगोरोव को हराकर अमन क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।

अपने पदार्पण ओलंपिक अमन भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान है जिसने पेरिस ओलंपिक में देश के लिये कुश्ती में पहला पदक जीता है। 21 वर्षीय अमन पिछले वर्ष एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों में भी कांस्य पदक जीता था।

क्या दक्षिण भारत में नए राजनैतिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर्नाटक सरकार ने आठ खुमरी हाथी तोहफे में दिए हैं, जिन्हें वे आंध्रप्रदेश ले गए हैं। ये प्रशिक्षित हाथी हैं, जिनका इस्तेमाल जंगली हाथियों को पकड़ने और नियन्त्रित करने के लिए किया जाता है। उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण तथा कर्नाटक के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, पर्यावरण, वन, विज्ञान एवं तकनीकी मंत्री ईश्वर बी. खांद्रे के साथ बैंगलुरू में हुई सफल बातचीत के बाद कर्नाटक उन्हें हाथी देने पर सहमत हो गया।

चित्तूर तथा पार्वतीपुरम मण्यम जिलों की बस्तियों में जंगली हाथियों का प्रवेश रोकने के लिए आंध्र सरकार इन हाथियों को लेकर आई है। मंत्रियों ने उन हाथियों के प्रबन्धन पर भी चर्चा की, जो आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की सीमा पर आते-जाते रहते हैं।

जिन सात विषयों पर चर्चा हुई, उनमें लाल चंदन की तस्करी का बड़ा मुद्दा भी शामिल था। इस विषय पर हाल ही में पुष्पा नामक फिल्म बनाई गई थी, जो बेहद लोकप्रिय रही। पवन कल्याण को बताया गया कि कर्नाटक ने आंध्र प्रदेश से तस्करी कर लाया गया 140 करोड़ रुपए मूल्य का लाल चंदन जब्त किया है।

पवन कल्याण ने मीडिया को बताया कि उन्होंने जब्त सम्पत्ति के बारे में एक कानूनी फ्रेमवर्क बनाया जाना स्वीकार किया और दोनों ही सरकारें इस मुद्दे पर चर्चा करेंगी।

दोनों राज्यों ने लाल चंदन की तस्करी तथा जंगल के उत्पादों को लेकर हो रही अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम में सहयोग पर भी चर्चा की। पवन ने बताया कि "हमने जंगल के जीवन को संरक्षित रखने और शिकारियों की समस्या को हल कर करने को लेकर सैटेलाइट्स सहित आधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल पर चर्चा की। अन्य मुद्दों के अलावा ईको-टूरिज्म तथा जंगल सफारी पर भी चर्चा हुई।

अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण ने यह भी बताया कि कर्नाटक सरकार के इस अनुरोध को पूरा करने का भी प्रयास किया जाएगा कि तिरूपति और श्रीशैलम जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए भूमि आवंटन किया जाए तथा उनकी मांग मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू तथा उनके मंत्रिमण्डल तक पहुंचा दी जाएगी। पवन कल्याण ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से भी मुलाकात की।

पवन कल्याण ने संयुक्त प्रैस कांफ्रैंस के दौरान पुष्पा फिल्म पर एक दिलचस्प टिप्पणी करते हुए कहा कि "चालीस साल पहले फिल्मों के हीरो जंगलों के संरक्षक की भूमिका निभाया करते थे, और आज का हीरो एक ऐसे तस्कर की भूमिका निभाता है जो जंगल के पेड़ काटकर धन एकत्रित करता है।" उल्लेखनीय है कि पवन कल्याण के भतीजे अल्लू अर्जुन ने "पुष्पा द राईज" और उसकी अगली कड़ी "पुष्पा द रूल" फिल्मों में लाल चंदन के तस्कर की भूमिका निभाई है।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908